(3)

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्यप्रदेश

(कक्ष–अनुसंधान विस्तार एवं लोकवानिकी)
फोन : 0755–2674222, 2674282, फैक्स–2570852, ई–मेल : apccfre@mp.gov.in

क्रमांक / बजट / 2018–19 / 2230 भोपाल, दिनांक : 13/8/18

प्रति,
संचालक
ऊष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान,
जबलपुर, मध्यप्रदेश.

विषय: वित्तीय वर्ष 2018–19 में आयोजना मद 5108 अध्ययन एवं अनुसंधान अंतर्गत स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाओं हेतु बजट आवंटन।

संदर्भ: आपका पत्र क्र0 892 दिनांक 18–07–18.

योजना मद 5108 अध्ययन एवं अनुसंधान अंतर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख की अध्यक्षता में दिनांक 24.05.18 को आपके द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं के चयन हेतु आयोजित बैठक में हुए निर्णय तदुपरांत दिनांक 12 एवं 13.07.18 को जबलपुर में आयोजित बैठक के परिपालन में आपके पत्र क्र. 892 दिनांक 18.07.18 से प्रस्तुत परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृति प्रदान की जाती है।

स्वीकृत परियोजनाओं हेतु योजना में राशि उपलब्धता के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018–19 में बजट मद मांग संख्या 10–2406 (5108) अध्ययन एवं अनुसंधान के उपमद 42–सहायक अनुदान–007 में राशि रू. 95.45 लाख की राशि विमुक्त की जाती है । परियोजनावार आवंटित राशि का विवरण संलग्न प्रपत्र में दर्शायेनुसार है। पूर्ण मे हुए निर्णय अनुसार परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु पृथक से Institutional charges मान्य नही है। अतः स्वीकृत परियोजनाओं में से Institutional charges घटाकर शेष राशि का आवंटन ई–पेमेंट के माध्यम से किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2017–18 में आवंटित राशि, व्यय राशि एवं शेष राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार, ग्वालियर को भेजते हुए एक प्रति तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध करावें जिससे कोषालय, भोपाल को राशि विमुक्त करने हेतु लेख किया जा सके। आवंटन से अधिक व्यय कदापि नही करें । प्रोजेक्ट अनुसार भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति करें एवं प्रतिमाह उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र (19 ए) में इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें । उपयोगित प्रमाण पत्र प्रेषित नहीं किये जाने से यदि आडिट आपत्ति निर्मित होती है इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान की होगी।

संलग्न : प्रपत्र

13/8

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
अनुसंधान विस्तार एवं लोकवानिकी,म0प्र0

पत्र TFRI को भेजा

पृ0क्र0 / अ0वि0 / बजट / 2231 भोपाल, दिनॉक : 13/8/18

प्रतिलिपि– 1) वरिष्ठ निज सहायक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अ0वि0 एवं लो0वा0, म0प्र0 की सूचनार्थ अग्रेषित । कृपया उपरोक्तानुसार अवगत करावें।

2) आहरण एवं संवितरण अधिकारी / रोकड प्रभारी, कार्यालय अ0प्र0मु0व0सं0, अ0वि0 / लो0वा0, म0प्र0 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु। बजट मद मांग संख्या 10–2406 (5108) अध्ययन एवं अनुसंधान– 42 सहायक अनुदान – 007 अन्य मद में राशि रू. 95.45 लाख का आवंटन आपको किया जा रहा है । जिसे कोषालयीन व्यवस्था के अंतर्गत ई–पेमेंट के माध्यम से संचालक, ऊष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर को उपलब्ध कराये ।

3) कक्ष प्रभारी, अनुसंधान, मुख्यालय अ0वि0 एवं लो0वा0, म0प्र0 की ओर नस्ती में संधारण हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

संलग्न : प्रपत्र

13/8

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
अनुसंधान विस्तार एवं लोकवानिकी,म0प्र0

APCCF(R/E/LV)
S.P.A.

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(अनुसंधान एवं विस्तार लोक वानिकी)
म.प्र. भोपाल

अनु.वि. / लो.वा. / स.व.प्र. आवक 650 दि. 14/8/18 भोपाल

PA/PCCF/R/E & L.V. & JFM/FDA
NO. 795
Date 14/8/2018.

अध्ययन एवं अनुसंधान परियोजना 5108 अंतर्गत वर्ष 2018–19 में ऊष्ण कटिबंधीयन वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर हेतु स्वीकृत वानिकी अनुसंधान परियोजनॉए एवं राशि आवंटन

क्र.	परियोजना	परियोजना प्राप्ति पत्र क्र. एवं दिनांक	अवधि	वर्षवार आवश्यक राशि (रू. लाख में)				
				प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष	चतुर्थ वर्ष	कुल
1	Production of Organic fertilizers / Organic pesticides and their application in forest nurseries	892/ 18.07.18	डेढ वर्ष	**4.66**	**3.91**	**0.00**	**0.00**	**8.57**
2	Selection of pest and disease free CPTs of Gmelina arborea and production of clonal planting material	892/ 18.07.18	दो वर्ष	**4.67**	**4.87**	**0.00**	**0.00**	**9.54**
3	Assessment of diversity and natural regeneration status of sterculia urens Roxb. for development of conservation strategy in Madhya Pradesh	892/ 18.07.18	तीन वर्ष	**3.50**	**4.30**	**3.80**	**0.00**	**11.60**
4	Popularization of improved var. of Leucaena leucocephala (Lam.) de Wit. based agroforestry system	892/ 18.07.18	तीन वर्ष	**5.50**	**5.10**	**5.40**	**0.00**	**16.00**
5	Investigation on variations and domenstication of curculigo orchioides Gaertn. (Kali Musli) in Madhya Pradesh	892/ 18.07.18	चार वर्ष	**3.30**	**3.90**	**5.70**	**5.88**	**18.78**
6	Standardization of harvesting time and post harvesting techniques of Helicteris isora (Marorphali) and Mucuna Pruriens (Kaunch)	892/ 18.07.18	दो वर्ष	**5.10**	**4.30**	**0.00**	**0.00**	**9.40**
7	Studies on quality of nursery seedlings and its relation to outplanting performance of Dalbergia latifolia and pterocarpus marsupium	892/ 18.07.18	चार वर्ष	**4.22**	**6.22**	**6.56**	**4.56**	**21.56**
			महायोग –	**30.95**	**32.60**	**21.46**	**10.44**	**95.45**

13/10

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
अनुसंधान विस्तार एवं लोकवानिकी,म0प्र0

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्यप्रदेश

(कक्ष–अनुसंधान विस्तार एवं लोकवानिकी)

फोन : 0755–2674222, 2674282, फैक्स–2570852, ई–मेल : apccfre@mp.gov.in

क्रमांक / बजट / 2018–19 / 2228 भोपाल, दिनांक : 13/8/18

प्रति,

संचालक
राज्य वन अनुसंधान संस्थान,
जबलपुर, मध्यप्रदेश.

विषयः वित्तीय वर्ष 2018–19 में आयोजना मद 5108 अध्ययन एवं अनुसंधान अंतर्गत स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाओं हेतु बजट आवंटन।

संदर्भः आपका पत्र क्र0 3025 दिनांक 16–07–18.

योजना मद 5108 अध्ययन एवं अनुसंधान अंतर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख की अध्यक्षता में दिनांक 24.05.18 को आपके द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं के चयन हेतु आयोजित बैठक में हुए निर्णय तदुपरांत दिनांक 12 एवं 13.07.18 को जबलपुर में आयोजित बैठक के परिपालन में आपके पत्र क्र. 3025 दिनांक 16.07.18 से प्रस्तुत परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृति प्रदान की जाती है।

स्वीकृत परियोजनाओं हेतु योजना में राशि उपलब्धता के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018–19 में बजट मद मांग संख्या 10–2406 (5108) अध्ययन एवं अनुसंधान के उपमद 42–सहायक अनुदान–007 में राशि रू. 101.28 लाख की राशि विमुक्त की जाती है । परियोजनावार आवंटित राशि का विवरण संलग्न प्रपत्र में दर्शायेनुसार है। पूर्ण में हुए निर्णय अनुसार परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु पृथक से संस्थागत व्यय (Institutional charges) मान्य नही है। राशि का आवंटन ई–पेमेंट के माध्यम से किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2017–18 में आवंटित राशि, व्यय राशि एवं शेष राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार, ग्वालियर को भेजते हुए एक प्रति तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध करावें जिससे कोषालय, भोपाल को राशि विमुक्त करने हेतु लेख किया जा सके। आवंटन से अधिक व्यय कदापि नही करें । प्रोजेक्ट अनुसार भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति करें एवं प्रतिमाह उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र (19 ए) में इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें । उपयोगित प्रमाण पत्र प्रेषित नहीं किये जाने से यदि आडिट आपत्ति निर्मित होती है इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान की होगी।

13/8

संलग्न : प्रपत्र

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
अनुसंधान विस्तार एवं लोकवानिकी,म0प्र0

पत्र द्वारा ई मेल ।

प्रतिलिपि– पृ0क्र0/अ0वि0/बजट/2229 भोपाल, दिनॉक : 13/8/18

प्रतिलिपि –1) वरिष्ठ निज सहायक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अ0वि0 एवं लो0वा0, म0प्र0 की सूचनार्थ अग्रेषित । कृपया उपरोक्तानुसार अवगत करावें।

2) आहरण एवं संवितरण अधिकारी / रोकड प्रभारी, कार्यालय अ0प्र0मु0व0सं0, अ0वि0/लो0वा0, म0प्र0 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु। बजट मद मांग संख्या 10–2406 (5108) अध्ययन एवं अनुसंधान– 42 सहायक अनुदान – 007 अन्य मद में राशि रू. 101.28 लाख का आवंटन आपको किया जा रहा है । जिसे कोषालयीन व्यवस्था के अंतर्गत ई–पेमेंट के माध्यम से संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर को उपलब्ध कराये ।

(2) कक्ष प्रभारी, अनुसंधान, मुख्यालय अ0वि0 एवं लो0वा0, म0प्र0 की ओर नस्ती में संधारण हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

संलग्न : प्रपत्र

13/8

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
अनुसंधान विस्तार एवं लोकवानिकी,म0प्र0

APCCF (R/E/LV)
S.P.A.

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(अनुसंधान एवं विस्तार/लोक वानिकी)
म.प्र. भोपाल

अनु.वि./लो.वा./म.व.प्र. भोपाल
आवक 649
दि. 14/8/18

PA/PCCF/R/E & L.V. & JFM/FDA
NO. 794
Date 14/8/2018

अध्ययन एवं अनुसंधान परियोजना 5108 अंतर्गत वर्ष 2018–19 में राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर हेतु स्वीकृत वानिकी अनुसंधान परियोजनॉए एवं राशि आवंटन

क्र.	प्रोजेक्ट	परियोजना पत्र क्र. एवं दिनांक	अवधि	वर्षवार राशि (रू. लाख में)					वर्ष 2018–19 में विमुक्त की जा रही राशि (रू. लाख में)
				प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष	चतुर्थ वर्ष	कुल आवश्यक राशि	
1	Extension of developed nursery techniques of some important NTFPs and medicinal plant species through Research and Extension centres of Madhya Pradesh	3025 / 16.07.18	दो वर्ष	12.42	2.35	0.00	0.00	14.77	14.77
2	पश्चिमी मध्यप्रदेश के मालवा का पठार कृषि जलवायु प्रक्षेत्र (Agro-Climatic Zone) के लिये उपयुक्त कृषि वानिकी पद्धतियों (Agro-Forestry Models) का विकास एवं उनका कृषकों की निजी भूमियों पर प्रदर्शन	3025 / 16.07.18	चार वर्ष	11.15	5.80	6.30	12.30	35.55	23.25
3	चलित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से म.प्र. के अनुसंधान एवं विस्तार केन्द्रों में मृदा परीक्षण कर मृदा में उपस्थित पोषक तत्वों की जानकारी प्रदान करना।	3025 / 16.07.18	डेढ वर्ष	38.00	0.00	0.00	0.00	38.00	38.00
4	Phytosociological study of river bank flora from Amarkanta k to Mandla with special reference to impact on water quality in river Narmada.	3025 / 16.07.18	दो वर्ष	12.78	12.78	0.00	0.00	25.26	25.26
			महायोग –	**74.35**	**20.93**	**6.30**	**12.30**	**113.58**	**101.28**

13/8

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
अनुसंधान विस्तार एवं लोकवानिकी,म0प्र0

डाक-व्यय की पूर्व-अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत. अनुमति पत्र क्र. भोपाल-एम.पी. वि.पु.भु./04 भोपाल-2002.

पंजी क्रमांक भोपाल डिवीजन एम. पी. 108/भोपाल/2002.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 560] भोपाल, सोमवार, दिनांक 16 दिसम्बर 2002—अग्रहायण 25, शक 1924

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 16 दिसम्बर 2002

क्र. एफ-25-46-98-दस-2.—मध्यप्रदेश लोक वानिकी अधिनियम, 2001 (क्रमांक 10, सन् 2001) की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम, प्रारंभ तथा लागू होना.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश लोक वानिकी नियम, 2002 है.

(2) ये मध्यप्रदेश राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवत्त होंगे.

(3) ये नियम ऐसे निजी और राजस्व क्षेत्रों को लागू होंगे, जिनका यथास्थिति, भूमि स्वामी, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा द्वारा वृक्ष आच्छादित क्षेत्र के रूप में स्वैच्छिक रूप से प्रबंध किया जाना आशयित है.

2. **परिभाषाएं.**—इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश लोक वानिकी अधियिनम, 2001 (क्रमांक 10 सन् 2001);

(ख) "संहिता" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959);

(ग) "वन मंडल अधिकारी" से अभिप्रेत है क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाला वन मंडल अधिकारी;

(घ) "नामांकन अधिकारी" से अभिप्रेत है क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाला वन मंडल अधिकारी;

(ङ) "वन क्षेत्रपाल" से अभिप्रेत है क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाला वन परिक्षेत्र अधिकारी;

(च) "ग्राम सभा" तथा "ग्राम पंचायत" का वही अर्थ होगा, जो मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1, सन् 1994) में उनके लिये दिया गया है;

(छ) "लोक वन" से अभिप्रेत है राजस्व भूमि का कोई भाग, जो ग्राम पंचायत या ग्राम सभा को वैज्ञानिक प्रबंधन के, प्रयोजन के, लिए वृक्ष आच्छादित क्षेत्र के रूप में हस्तान्तरित किया गया हो और जिसके लिए इन नियमों के उपबंधों के अधीन प्रबंधन योजना तैयार की गई हो;

(ज) "प्रबंधन योजना" से अभिप्रेत है इन नियमों के अधीन किसी राजस्व या निजी वृक्ष आच्छादित क्षेत्र के लिए तैयार की गई वैज्ञानिक योजना.

3. **लोक वानिकी के अधीन प्रबन्धन के लिये आवेदन.**—(1) कोई भूमिस्वामी, जो किसी वृक्ष आच्छादित क्षेत्र के प्रबंधन का जिम्मा लेना चाहता है, वन क्षेत्रपाल या वन मंडल अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी वन अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करेगा.

(2) यदि कोई ग्राम पंचायत या ग्राम सभा जो उसकी अधिकारिता के भीतर स्थित किसी वृक्ष आच्छादित राजस्व भूमि के प्रबंधन का जिम्मा लेना चाहती हो तो यथा स्थिति, संबंधित ग्राम सभा या ग्राम पंचायत, उप खण्ड अधिकारी (राजस्व) को भूमि का सीमांकन करने तथा "लोक वन" के रूप में प्रबंध किये जाने के लिये उनको हस्तांतरित करने हेतु आवेदन करेगी. उप खण्ड अधिकारी (राजस्व) 30 दिन की कालावधि के भीतर आवेदन का विनिश्चय करेगा. यदि उप खण्ड अधिकारी (राजस्व) आवेदक के पक्ष में विनिश्चय करता है तो विनिश्चय करने की तारीख से 15 दिन की कालावधि के भीतर भूमि का सीमांकन करवाएगा और वह संबंधित ग्राम सभा या ग्राम पंचायत को भूमि हस्तांतरित करेगा. भूमि का कब्जा लेने के पश्चात्, यथास्थिति, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा, वृक्ष आच्छादित क्षेत्र के रूप में वैज्ञानिक प्रबंधन के लिये वन क्षेत्रपाल या वन मंडल अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी वन अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करेगी.

(3) उप नियम (1) तथा (2) के अधीन आवेदन के साथ यथास्थिति, भूमि के स्वामित्व या भूमि के कब्जे के बारे में घोषणा सुसंगत अभिलेख सहित संलग्न होगी.

(4) वनपरिक्षेत्र अधिकारी, आवेदन प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर पटवारी को घोषणा की प्रति भेजेगा, जो राजस्व अभिलेखों से दावे को सत्यापित करेगा और पन्द्रह दिन के भीतर प्रमाण-पत्र देगा. यदि पटवारी विहित समय के भीतर प्रमाण-पत्र देने में असफल रहता है तो भूमि स्वामी द्वारा दी गयी घोषणा सही समझी जावेगी. तदनन्तर यदि ऐसे अभिलेखों में किसी फर्क का पता चलता है तो पटवारी तथा वह व्यक्ति, जिसने घोषणा दी है, उसके लिये उत्तरदायी होंगे और सुसंगत विधि के अधीन दण्डनीय होंगे.

(5) यदि सीमा, वन भूमि से निकट हो तो वन परिक्षेत्र अधिकारी, सीमा के बारे में स्वयं का समाधान करेगा.

(6) वनक्षेत्रपाल, यथास्थिति भूमि स्वामी या ग्राम पंचायत या ग्राम सभा को उपनियम (3) के अनुसार आवेदन प्राप्त होने से 45 (पैतालीस) दिन की कालावधि के भीतर अभिलेखों के प्रमाणीकरण के बारे में प्रज्ञापना देगा, यदि कोई ऐसी प्रज्ञापना, उपनियम (3) के अनुसार आवेदन प्रस्तुत होने की तारीख से 60 दिन की कालावधि के भीतर प्राप्त नहीं होती है तो इस प्रकार प्रस्तुत किए गए अभिलेखों को सही रूप में स्वीकार किया गया समझा जाएगा.

4. **प्रबंधन योजना का तैयार किया जाना.**—(1) नियम 3 में अधिकथित प्रक्रिया का अनुपालन करने के पश्चात्, यथा स्थिति, भूमिस्वामी, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा को उस क्षेत्र के लिये प्रबंधन योजना तैयार करवानी होगी.

(2) वृक्ष आच्छादित क्षेत्र के लिये प्रबंधन योजना नियम 8 के अधीन यथा नामांकित चार्टर्ड फ्लेस्टर द्वारा तैयार की जाएगी.

(3) प्रबंधन योजना सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरणीय भूमिका को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएगी.

(4) प्रबंधन योजना में निम्नलिखित विषय विनिर्दिष्ट किए जाएंगे, अर्थात्:—

(क) इमारती लकड़ी के अवितरित उत्पादन को तथा/या अन्य वनउत्पादों को सुनिश्चित करना.

(ख) प्राकृतिक पुनरुत्पादन को प्रोत्साहित तथा संरक्षित करना और/या उपयुक्त प्रजातियों का रोपण करना.

(ग) परिपक्व, अधिक परिपक्व, सूखे तथा रोग ग्रस्त वृक्षों को काट कर गिराना तथा आँधी से गिरे हुए वृक्षों को हटाना.

(घ) विरलन तथा कांट-छांट करना.

(ढ) फसल के स्वास्थ्य तथा जीवन शक्ति में सुधार करना, और

(च) मिट्टी तथा नमी का संरक्षण सुनिश्चित करना.

(5) प्रबंधन योजना 10 वर्ष की कालावधि के लिए अनुसूची-एक में दिए गए प्ररूप (फार्मेट) में तैयार की जाएगी.

5. **प्रबंधन योजना की मंजूरी.**—(1) निजी क्षेत्रों के लिये तैयार की गई प्रबंधन योजना की मंजूरी हेतु आवेदन-पत्र, प्ररूप-1 में प्रबंधन योजना की 5 प्रतियों के साथ वन मंडल अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा.

(2) "लोकवन" के रूप में प्रबन्ध किये जाने के लिये प्रस्तावित राजस्व क्षेत्रों के लिए तैयार की गई प्रबंधन योजना की मंजूरी के लिये आवेदन-पत्र, प्ररूप-2 में प्रबंधन योजना की पांच प्रतियों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा. ऐसे मामलों में आवेदन-पत्र संबंधित ग्राम पंचायत या ग्राम सभा के किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा योजना की मंजूरी के लिये यथा स्थिति, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा के एक संकल्प के साथ वन मंडल अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा.

(3) सक्षम प्राधिकारी को प्रबंधन योजना में किए गए किन्हीं विधानों की विधिमान्यता को सत्यापित करने के लिये स्वयं या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से योजना क्षेत्र का निरीक्षण करने की शक्ति होगी. ऐसी कार्यवाही के आधार पर सक्षम प्राधिकारी प्रस्तावित प्रबन्धन योजना में कतिपय संशोधनों का सुझाव दे सकेगा. ऐसे मामले में आवेदक/चार्टर्ड फारेस्टर, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सुझाए गए संशोधनों को सम्मिलित करते हुए पुनरीक्षित योजना प्रस्तुत करेगा.

(4) वन मंडल अधिकारी प्रबन्धन योजना को मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा. ऐसे मामले में, जहां प्रबन्धन योजना क्षेत्र 10 हेक्टेयर से अधिक है वहां सक्षम प्राधिकारी, प्रबन्धन योजना के प्राप्त होने के पश्चात् 30 दिन के भीतर प्रबन्धन योजना को अपने मत के साथ राज्य सरकार के माध्यम से अनुमोदन हेतु पर्यावरण तथा वन मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत करेगा.

(5) यदि प्रबन्धन योजना क्षेत्र 10 हेक्टेयर तक है तो सक्षम प्राधिकारी 30 दिन के भीतर प्रबन्धन योजना की मंजूरी के बारे में विनिश्चिय करेगा और ऐसे मामले में, जहां प्रबन्धन योजना क्षेत्र 10 हेक्टेयर से अधिक है वहां सक्षम प्राधिकारी उप-नियम (4) में यथा अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् 7 दिन के भीतर प्रबन्धन योजना की मंजूरी का आदेश जारी करेगा.

(6) सक्षम प्राधिकारी निजी क्षेत्र की प्रबन्धन योजना हेतु प्ररूप-3 में तथा "लोक वन" के लिए प्ररूप-4 में मंजूरी का आदेश पारित करेगा. प्रबन्धन योजना के कार्यान्वयन की शर्तें, मंजूरी आदेश की अनुसूची दो/तीन में विनिर्दिष्ट की जा सकेंगी.

(7) प्रबन्धन योजना मंजूर हो जाने के पश्चात्, सक्षम प्राधिकारी, मंजूर की गई योजना की एक प्रति, मंजूरी आदेश के साथ यथास्थिति, संबंधित भूमि स्वामी, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा को तथा संबंधित चार्टर्ड फारेस्टर को प्रज्ञापना के साथ भेजेगा. मंजूरी आदेश की एक प्रति, मंजूर की गई प्रबन्धन योजना की एक प्रति के साथ संबंधित उप-खण्ड अधिकारी (राजस्व) को भी प्रज्ञापना के लिए और संहिता की धारा 144-क की उपधारा (2) के अधीन भू-अभिलेख में प्रविष्टि के प्रयोजन के लिए, जैसा कि अधिनियम की धारा 4 में उपबंधित है, पृष्ठांकित की जाएगी.

(8) उस दशा में, जब सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रबन्धन योजना को मंजूर करने से इन्कार किया जाता है तो वह ऐसे इन्कार के लिए कारण अभिलिखित करेगा और ऐसा आदेश आवेदक को संसूचित किया जाएगा.

(9) यदि प्रबन्धन योजना क्षेत्र 10 हेक्टेयर तक है तो उप-नियम (8) के अधीन आदेश के विरुद्ध अपील, क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाले वन-संरक्षक के समक्ष की जाएगी. सक्षम प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध ऐसी अपील, इन्कार किए जाने के आदेश के प्राप्त होने के 30 दिन के

भीतर की जा सकत. है. वन संरक्षक, चार्टर्ड फारेस्टर तथा संबंधित भूमि स्वामी/ग्राम पंचायत या ग्राम सभा के प्रतिनिधि को सुनने के पश्चात् 60 दिन के भीतर अपील का विनिश्चय करेगा. वन संरक्षक का विनिश्चय अंतिम तथा बाध्यकर होगा. इस विनिश्चय की संसूचना आवेदक को लिखित में दी जाएगी और इसकी एक प्रति सक्षम प्राधिकारी को पृष्ठांकित की जाएगी.

6. **प्रबन्धन योजना का क्रियान्वयन.**—(1) सक्षम प्राधिकारी से मंजूर की गई प्रबंधन योजना प्राप्त हो जाने के पश्चात्, यथास्थिति, प्रत्येक भूमि स्वामी, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा, प्रबन्धन योजना का विधानों तथा शर्तों के अनुसार क्रिया-न्वयन करेगी.

(2) ग्राम पंचायत या ग्राम सभा "लोकवन" के लिये योजना में किए गए विधानों के क्रियान्वयन के लिये ग्राम सभा की सार्वजनिक सम्पदा समिति को प्राधिकृत कर सकेगी.

(3) यथा स्थिति भूमिस्वामी, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा संबंधित वनक्षेत्रपाल तथा तहसलीदार को योजना क्षेत्र में वृक्षों को काटकर गिराने की प्रस्तावित तारीख संबंधी प्रज्ञापना देगी. यह प्रज्ञापना वृक्षों को काटकर गिराए जाने की प्रस्तावित तारीख से कम से कम सात दिन पूर्व दी जायेगी.

(4) प्रबन्धन योजना का क्रियान्वयन करने वाला व्यक्ति, काटकर गिराए जाने वाले वृक्षों का रजिस्टर, प्रबंधन योजना में यथा विहित प्ररूप (फार्मेट) में रखेगा.

(5) अनुमोदित प्रबन्धन योजना के अनुसार काटकर गिराने की संक्रिया से प्राप्त वन उपज का परिवहन, मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम, 2000 के उपबंधों के अध्यधीन किया जाएगा.

(6) मध्यप्रदेश वन उपज (व्यापार-विनियमन) अधिनियम, 1969 के अधीन विनिर्दिष्ट वन उपज के रूप में घोषित वन उपज का निपटारा, इस निमित्त बनाए गए नियमों के अधीन होगा.

(7) प्रबंधन योजना में विहित समस्त संक्रियाएं विनिर्दिष्ट समय में पूर्ण की जाएंगी. यदि योजना में विहित कोई संक्रिया किन्हीं अकल्पित कारणों से निष्पादित नहीं होती है तो योजना का आगामी क्रियान्वयन ऐसे समय तक, जब तक कि पूर्व वर्ष के लिये विहित संक्रियाएं पूर्ण नहीं हो जातीं, निलंबित रहेगा.

7. **प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन का मानीटर किया जाना.**—(1) प्रत्येक विकास खंड अथवा उसके किसी भाग के लिए अनुमोदित प्रबंधन योजनाओं के क्रियान्वयन को क्षेत्रीय परिक्षेत्र अधिकारी की अध्यक्षता में सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा मानीटर किया जाएगा तथा उसमें एक गैर सरकारी व्यक्ति या संगठन, राजस्व विभाग और यथास्थिति, किसी ग्राम पंचायत या किसी ग्राम सभा से प्रत्येक का एक प्रतिनिधि समाविष्ट होगा. समिति, सक्षम प्राधिकारी को अपनी टीका-टिप्पणियों तथा सिफारिशों की रिपोर्ट देगी. राज्य सरकार जब भी आवश्यक समझे, किसी भी पदधारी, निकाय या अभिकरण को किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र या कालावधि के लिये ऐसी योजना के क्रियान्वयन को मानीटर करने के लिये प्राधिकृत कर सकेगी.

(2) वन मंडल अधिकारी रिपोर्ट किए गए किसी उल्लंघन का संज्ञान लेगा. रिपोर्ट प्राप्त होने पर वन मंडल अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, नियम 10 में यथा उपबन्धित आगे कार्यवाई करने के लिए मामले को उप-खण्ड अधिकारी (राजस्व) को निर्देशित करेगा.

8. **चार्टर्ड फारेस्टर का नामांकन.**—(1) निम्नलिखित व्यक्ति/व्यक्तियों का प्रवर्ग, चार्टर्ड फारेस्टर के रूप में नामांकन के लिये विचार किये जाने हेतु पात्र होंगे:—

(क) ऐसे व्यक्ति, जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से वानिकी में स्नातक उपाधि है अथवा जिनके पास वन योजना तथा प्रबंधन में कम से कम तीन वर्ष के फील्ड के अनुभव सहित भारतीय वन प्रबंधन संस्थान से वन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हो;

(ख) ऐसे सेवा निवृत्त वन अधिकारी, जो वन क्षेत्रपाल की पदश्रेणी से निम्न पद श्रेणी के न हों अथवा मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम का समकक्ष अधिकारी; .

(ग) कोई रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी या कोई गैर सरकारी संगठन, जिनके पास उपर्युक्त खंड (क) तथा (ख) में यथा उल्लिखित अर्हता रखने वाले सदस्य हों.

(2) मध्यप्रदेश शासन में सेवारत कोई वन अधिकारी, जो वन क्षेत्रपाल की पदश्रेणी से निम्न पदश्रेणी का न हो, चार्टर्ड फारेस्टर समझा जाएगा.

(3) उपरोक्त उपनियम [1] के अनुसार मापदंड की पूर्ति करने वाला कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह (ग्रुप), चार्टर्ड फारेस्टर के रूप में नामांकन हेतु 1000/-रू. आवेदन फीस, जो गैर प्रतिदांय योग्य होगी, के साथ इन नियमों से संलग्न शपथ-पत्र के साथ प्ररूप-5 में आवेदन कर सकेगा.

(4) नामांकन अधिकारी, अपने कार्यालय में आवेदन पत्र की प्राप्ति की तारीख से 15 दिन की कालावधि के भीतर ऊपर उप नियम (1) में अधिकथित मानदंड को पूरा करने वाले व्यक्ति को नामांकित करेगा. वह इन नियमों से संलग्न प्ररूप-6 में नामांकन प्रमाण-पत्र जारी करेगा और प्ररूप-7 में एक नामांकन रजिस्टर रखेगा. जारी किए गए नामांकन प्रमाण-पत्र की एक प्रति राज्य स्तर पर भारसाधक अधिकारी, लोक वानिकी को प्रत्येक तिमाही में भेजी जाएगी जो वन विभाग की वेबसाईट पर अद्यतन सूची प्रतर्शित करवाएगा.

(5) आवेदक को नामांकन के लिये इंकार किये जाने की दशा में, नामांकन अधिकारी, इंकार के आधारों को लिखित में आवेदक को संसूचित करेगा. नामांकन से इंकार किये जाने के आदेश के विरूद्ध अपील राज्य स्तर पर भार साधक अधिकारी, लोकवानिकी के समक्ष की जाएगी, जिसका विनिश्चय अन्तिम तथा बाध्यकारी होगा.

(6) किसी चार्टर्ड फारेस्टर का नामांकन तब तक विधिमान्य होगा, जब तक उसे नामांकन अधिकारी द्वारा जारी किए गए विशिष्ट आदेश द्वारा पर्यवसित नहीं कर दिया जाता.

(7) किसी चार्टर्ड फारेस्टर का नामांकन (क) घोर वृत्तिक अवचार, या (ख) नामांकित चार्टर्ड फारेस्टर के लिखित अनुरोध के आधार पर नामांकन अधिकारी द्वारा पर्यवसान के दायित्वाधीन होगा.

(8) किसी नामांकन का कदाचार के आधार पर पर्यवसान किये जाने के पूर्व, नामांकन अधिकारी, संबंधित चार्टर्ड फारेस्टर को एक कारण बताओ सूचना तालीम करेगा और उसे अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिये पूर्ण अवसर देगा.

(9) ऐसे पर्यवसान के विरूद्ध अपील, राज्य स्तर पर भारसाधक अधिकारी, लोकवानिकी को होगी. ऐसी अपील, नामांकन अधिकारी के आदेश की तारीख से 45 दिन की कालावधि के भीतर की जा सकेगी और राज्य स्तर पर भारसाधक अधिकारी, लोकवानिकी का विनिश्चय अन्तिम तथा बाध्यकार होगा.

9. **चार्टर्ड फारेस्टर के कर्तव्य तथा पारिश्रमिक.**—(1) चार्टर्ड फारेस्टर निम्न लिखित के लिए उत्तरदायी होगा.—

(क) प्रबंधन योजना को तैयार करना और
(ख) उसकी मंजूरी सक्षम प्राधिकारी से अभिप्राप्त करना

(2) चार्टर्ड फारेस्टर रूपए 1000/-या भूमिस्वामी/ग्राम पंचायत या ग्राम सभा द्वारा वनोपज के विक्रय के प्रथम वर्ष के दौरान प्राप्त की गई राशि का 6 प्रतिशत, इनमे से जो भी अधिक हो, पारिश्रमिक प्राप्त करेगा. यदि प्रबन्धन योजना नियम 8 के उप-नियम (2) के अनुसार प्राधिकृत चार्टर्ड फारेस्टर द्वारा तैयार की गई है तो देय पारिश्रमिक, यथास्थिति, भूमिस्वामी/ग्राम पंचायत या ग्राम सभा द्वारा राज्य सरकार को जमा किया जाएगा.

10. **उल्लंघन के लिए दण्ड.**—(1) उप-खंड अधिकारी (राजस्व), अनुमोदित प्रबंधन योजना के ऐसे उल्लघंन के संबंध में संबधित वन क्षेत्रपाल/सक्षम प्राधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी से सूचना प्राप्त होने पर, यथास्थिति, संबंधित भूमिस्वामी या ग्राम पंचायत या ग्राम सभा को कारण बताओ सूचना जारी करेगा और सूचना का जवाब फाइल करने के लिये युक्तियुक्त समय देगा.

भीतर की जा सकती है. वन संरक्षक, चार्टर्ड फारेस्टर तथा संबंधित भूमि स्वामी/ग्राम पंचायत या ग्राम सभा के प्रतिनिधि को सुनने के पश्चात् 60 दिन के भीतर अपील का विनिश्चय करेगा. वन संरक्षक का विनिश्चय अंतिम तथा बाध्यकर होगा. इस विनिश्चय की संसूचना आवेदक को लिखित में दी जाएगी और इसकी एक प्रति सक्षम प्राधिकारी को पृष्ठांकित की जाएगी.

6. **प्रबन्धन योजना का क्रियान्वयन.**—(1) सक्षम प्राधिकारी से मंजूर की गई प्रबंधन योजना प्राप्त हो जाने के पश्चात्, यथास्थिति, प्रत्येक भूमि स्वामी, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा, प्रबन्धन योजना का विधानों तथा शर्तों के अनुसार क्रियान्वयन करेगी.

(2) ग्राम पंचायत या ग्राम सभा "लोकवन" के लिये योजना में किए गए विधानों के क्रियान्वयन के लिये ग्राम सभा की सार्वजनिक सम्पदा समिति को प्राधिकृत कर सकेगी.

(3) यथा स्थिति भूमिस्वामी, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा संबंधित वनक्षेत्रपाल तथा तहसीलदार को योजना क्षेत्र में वृक्षों को काटकर गिराने की प्रस्तावित तारीख संबंधी प्रज्ञापना देगी. यह प्रज्ञापना वृक्षों को काटकर गिराए जाने की प्रस्तावित तारीख से कम से कम सात दिन पूर्व दी जायेगी.

(4) प्रबन्धन योजना का क्रियान्वयन करने वाला व्यक्ति, काटकर गिराए जाने वाले वृक्षों का रजिस्टर, प्रबंधन योजना में यथा विहित प्ररूप (फार्मेट) में रखेगा.

(5) अनुमोदित प्रबन्धन योजना के अनुसार काटकर गिराने की संक्रिया से प्राप्त वन उपज का परिवहन, मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम, 2000 के उपबंधों के अध्यधीन किया जाएगा.

(6) मध्यप्रदेश वन उपज (व्यापार-विनियमन) अधिनियम, 1969 के अधीन विनिर्दिष्ट वन उपज के रूप में घोषित वन उपज का निपटारा, इस निमित्त बनाए गए नियमों के अधीन होगा.

(7) प्रबंधन योजना में विहित समस्त संक्रियाएं विनिर्दिष्ट समय में पूर्ण की जाएंगी. यदि योजना में विहित कोई संक्रिया किन्हीं अकल्पित कारणों से निष्पादित नहीं होती है तो योजना का आगामी क्रियान्वयन ऐसे समय तक, जब तक कि पूर्व वर्ष के लिये विहित संक्रियाएं पूर्ण नहीं हो जातीं, निलंबित रहेगा.

7. **प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन का मानीटर किया जाना.**—(1) प्रत्येक विकास खंड अथवा उसके किसी भाग के लिए अनुमोदित प्रबंधन योजनाओं के क्रियान्वयन को क्षेत्रीय परिक्षेत्र अधिकारी की अध्यक्षता में सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा मानीटर किया जाएगा तथा उसमें एक गैर सरकारी व्यक्ति या संगठन, राजस्व विभाग और यथास्थिति, किसी ग्राम पंचायत या किसी ग्राम सभा से प्रत्येक का एक प्रतिनिधि समाविष्ट होगा. समिति, सक्षम प्राधिकारी को अपनी टीका-टिप्पणियों तथा सिफारिशों की रिपोर्ट देगी. राज्य सरकार जब भी आवश्यक समझे, किसी भी पदधारी, निकाय या अभिकरण को किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र या कालावधि के लिये ऐसी योजना के क्रियान्वयन को मानीटर करने के लिये प्राधिकृत कर सकेगी.

(2) वन मंडल अधिकारी रिपोर्ट किए गए किसी उल्लंघन का संज्ञान लेगा. रिपोर्ट प्राप्त होने पर वन मंडल अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, नियम 10 में यथा उपबन्धित आगे कार्यवाई करने के लिए मामले को उप-खण्ड अधिकारी (राजस्व) को निर्देशित करेगा.

8. **चार्टर्ड फारेस्टर का नामांकन.**—(1) निम्नलिखित व्यक्ति/व्यक्तियों का प्रवर्ग, चार्टर्ड फारेस्टर के रूप में नामांकन के लिये विचार किये जाने हेतु पात्र होंगे:—

(क) ऐसे व्यक्ति, जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से वानिकी में स्नातक उपाधि है अथवा जिनके पास वन योजना तथा प्रबंधन में कम से कम तीन वर्ष के फील्ड के अनुभव सहित भारतीय वन प्रबंधन संस्थान से वन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हो;

(ख) ऐसे सेवा निवृत्त वन अधिकारी, जो वन क्षेत्रपाल की पदश्रेणी से निम्न पद श्रेणी के न हों अथवा मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम का समकक्ष अधिकारी;

(2) यदि, यथास्थिति, संबंधित भूमिस्वामी या ग्राम पंचायत या ग्राम सभा, कारण बताओ सूचना का जवाब, वि प्रस्तुत करने में असफल रहती है या कारण बताओ सूचना के जवाब पर सम्यक् विचार करने के पश्चात् उप-खंड अधि का विनिश्चय, अधिनियम की धारा 8 के उपबंधों के अनुसार 30 (तीस) दिन की कालावधि के भीतर कर सकेगा.

11. **अपील.**—(1) अधिनियम की धारा 8 के अधीन उप-खण्ड अधिकारी (राजस्व) द्वारा पारित किये गये आदेश विचार करने के लिये अपील प्राधिकारी, जिला कलेक्टर होगा.

(2) अपील के लिये आवेदन पत्र, कलेक्टर के प्रवाचक (रीडर) द्वारा प्राप्त किया जायेगा और संहिता में अधिकां उस पर कार्यवाही की जाएगी.

(3) प्रत्येक अपील के साथ उप-खंड अधिकारी (राजस्व) के उस आदेश, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, के दस्तावेज तथा कोषालय चालान या मांगदेय ड्राफ्ट (डिमांड ड्राफ्ट) के माध्यम से देय रु. 100/-की फीस, जो वापसी र होगी.

(4) अपील प्राधिकारी, अपील के पक्षकारों को स्वयं या आवेदक द्वारा लिखित में सम्यक् रूप से प्राधिकृत किस से सुनेगा और आवेदन पत्र प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर अपील का विनिश्चय करेगा.

(5) अपील प्राधिकारी द्वारा पारित किए गए आदेश की प्रतियां, अनुपालन के लिये या ऐसे और आदेश पारित वि कि अपील प्राधिकारी द्वारा निर्देशित किया जाए, संबंधित उप-खण्ड अधिकारी [राजस्व) को भेजी जाएगी.

(2) यदि, यथास्थिति, संबंधित भूमिस्वामी या ग्राम पंचायत या ग्राम सभा, कारण बताओ सूचना का जवाब दि प्रस्तुत करने में असफल रहती है या कारण बताओ सूचना के जवाब पर सम्यक् विचार करने के पश्चात् उप-खंड अधि का विनिश्चय, अधिनियम की धारा 8 के उपबंधों के अनुसार 30 (तीस) दिन की कालावधि के भीतर कर सकेगा.

11. **अपील.**—(1) अधिनियम की धारा 8 के अधीन उप-खण्ड अधिकारी (राजस्व) द्वारा पारित किये गये आदेश विचार करने के लिये अपील प्राधिकारी, जिला कलेक्टर होगा.

(2) अपील के लिये आवेदन पत्र, कलेक्टर के प्रवाचक (रीडर) द्वारा प्राप्त किया जायेगा और संहिता में अधिकां उस पर कार्यवाही की जाएगी.

(3) प्रत्येक अपील के साथ उप-खंड अधिकारी (राजस्व) के उस आदेश, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, के दस्तावेज तथा कोषालय चालान या मांगदेय ड्राफ्ट (डिमांड ड्राफ्ट) के माध्यम से देय रु. 100/-की फीस, जो वापसी र होगी.

(4) अपील प्राधिकारी, अपील के पक्षकारों को स्वयं या आवेदक द्वारा लिखित में सम्यक् रूप से प्राधिकृत किर से सुनेगा और आवेदन पत्र प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर अपील का विनिश्चय करेगा.

(5) अपील प्राधिकारी द्वारा पारित किए गए आदेश की प्रतियां, अनुपालन के लिये या ऐसे और आदेश पारित वि कि अपील प्राधिकारी द्वारा निर्देशित किया जाए, संबंधित उप-खण्ड अधिकारी [राजस्व) को भेजी जाएगी.

अनुसूची-एक

[नियम 4 (5) देखिए]

निजी वृक्ष आच्छादित क्षेत्र/निजी वन तथा लोक वन के लिए प्रबंधन योजना का मानक प्ररूप (फार्मेट)

भाग—एक

उद्देश्य-संबंधित भू-भाग (ट्रैक्ट) तथा फसल

अध्याय-1-प्रबंधन योजना के उद्देश्य

अध्याय-2-ग्राम का परिचय

[redacted]

(भूमिस्वामी/ग्राम पंचायत/ग्राम सभा के प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दी गई जानकारी पर आधारित)

3.1 सामान्य

3.2 भूमिस्वामी/प्राधिकृत प्रतिनिधि का नाम/पिता/पति का नाम

3.3 प्रवर्ग (सामान्य/अनु. जाति/अनु. जनजाति/अन्य पिछड़ावर्ग)

3.4 भूमि स्वामी का डाक का पूरा पता

3.5 भूमिस्वामी की आर्थिक प्रास्थिति (केवल निजी क्षेत्रों के मामले में) (कृषि, पशु, आय इत्यादि के ब्यौरे)

3.6 पटवारी हल्का क्र./खसरा क्र.

3.7 राजस्व निरीक्षक वृत्त (सर्किल)/तहसील

3.8 खसरा की अवस्थिति

3.9 क्षेत्रफल (हेक्टेयर)

3.10 सीमाएं एवं सीमांकन प्रास्थिति

3.11 स्वामित्व की विधिक प्रास्थिति (राजस्व विभाग के खसरा पांच साला के अनुसार)

3.12 विगत 10 वर्षों से खसरे के स्वामित्व के ब्यौरे

3.13 क्या पैतृक सम्पत्ति के रूप में अर्जित की गई या क्रय की गई

3.14 टोपोग्राफी (विशेष रूप से 25 डिग्री से अधिक ढलान वाले क्षेत्र)

3.15 मिट्टी का प्रकार तथा गहराई

3.16 [redacted]

3.17 भू-भाग में जल की उपलब्धता.

अध्याय-4-फसल का विवरण

4.1 फसल का प्रकार

4.2 स्थल गुणवत्ता

4.3 फसल घनत्व

4.4 फसल का आयु वर्ग

4.5 निम्नलिखित स्टाक

(क) टॉप केनोपी (ख) मिडिल स्टोरी (ग) ग्राउण्ड फलोरा
(घ) बेल (क्लाइम्बर) (ङ) घास (च) औषधीय पौधे
(छ) घास-पात (ज) गैर काष्ठ वनोपज (एन. टी. एफ. पी.) (झ) बांस.

4.6 स्टाक मानचित्र (पटवारी के नक्शे पर)
(वनस्पति/प्रकार/स्थल गुणवत्ता, घनत्व, आयु वर्ग, रिक्त क्षेत्र आदि)

4.7 प्राकृतिक वन/रोपण (सामान्य विवरण एवं वर्तमान प्रास्थिति)

4.8 भू-भाग (ट्रेक्ट) का वर्णन

(क) पूर्व की कटाई/रोपण (ख) पूर्व की संक्रियाओं का परिणाम

4.9 जैव विविधता की उपलब्धता

4.10 क्षति, जिसके लिये फसल दायी है

अध्याय-5-फसल का विश्लेषण तथा मूल्यांकन

5.1 वृक्षों की प्रजातिवार संख्या, आयतन (वाल्यूम) एवं उसका मूल्य (संसाधन निर्धारण आंकलन अभिलेख की संक्षिप्ति

5.2 पुनरुत्पादन सर्वेक्षण का परिणाम

5.3 बांस एवं घास की उपलब्धता

5.4 गैर काष्ठ वनोपज (एन. टी. एफ. पी.)/ औषधीय पौधों की उपलब्धता

5.5 फार्म फैक्टर

5.6 संवृद्धि दर

5.7 विपणन रूपरेखा

5.8 बाजार मूल्य

भाग-दो

प्रस्तावों का सारांश

अध्याय-1-भविष्य के प्रबंधन हेतु स्कीम

1.1 प्रबंधन प्रस्ताव

1.2 उपचार विधान

1.3 पातन चक्र/रोटेशन

1.4 सिलेक्शन गर्थ

9

1.5 उपचार वर्ग का अवधारण एवं उपचार मानचित्र

1.6 पातन नियम/अन्य उपचार के लिए नियम

(क) वृक्ष (ख) ग्रीन फ्लोरा (ग) प्राकृतिक बांस

1.7 वार्षिक प्राप्ति की गणना

अध्याय-2- कटाई

2.1 कटाई योजना

(क) इमारती लकड़ी (टिम्बर) (ख) ईंधन की लकड़ी (ग) बांस

(घ) औषधीय पौधे (ङ) घास (च) एन. टी. एफ. पी. (छ) अन्य

2.2 वनोपज का अनुकूलन, प्रसंस्करण तथा परिरक्षण

2.3 वनोपज के निवर्तन की प्रस्तावित पद्धति

(क) इमरती लकड़ी (टिम्बर) (ख) ईंधन की लकड़ी (ग) बांस

(घ) घास (ङ) औषधीय पौधे (च) एन. टी. एफ. पी. (छ) अन्य

2.4 सहायक वन वर्धन संक्रियाएं

2.5 विरलन

2.6 काट-छांट

2.7 मृत वृक्षों, आंधी से उखड़े वृक्षों की कटाई

अध्याय-3- रोपण

3.1 खाली स्थानों में रोपण (गैप प्लान्टिंग)

3.2 सागौन रोपण

3.3 बांस रोपण

3.4 अन्य प्रजातियों का रोपण

अध्याय-4- सुरक्षा एवं सुधार के उपाय

4.1 चराई से सुरक्षा

4.2 अग्नि सुरक्षा

4.3 अन्य

4.4 जैव विविधता संरक्षण

अध्याय-5-अनुमानित औसत वार्षिक व्यय तथा आय

अध्याय-6-अभिलेख चिन्हांकित करने (फार्मेट) कटाई संबंधी रजिस्टर का प्ररूप फार्मेट (लोक वानिकी नियम, 2002 का नियम 6(4) देखिए)

अध्याय-7- प्रबंधन योजना क्रियान्वयन की मानीटरिंग एवं मूल्यांकन (लोक वानिकी नियम, 2002 का नियम 7 देखिए)

अध्याय-8-योजना क्षेत्र के शासकीय वन से लगे होने की दशा में सक्षम प्राधिकारी द्वारा सुझाये गये रक्षोपाय

प्रबंधन योजना से संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज

1. खसरे का पटवारी नक्शा, जिसमें लगे हुए सर्वे क्रमांक भी दर्शाये गये हों.
2. भूमि के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज
3. सीमांकन प्रमाण-पत्र, यदि अपेक्षित हो
4. स्टाक मानचित्र
5. भूमिस्वामी की लिखित सहमति (संयुक्त खाते की दशा में समस्त भागीदारों की सहमति)
6. सर्वे के परिणाम/निर्धारण रिपोर्ट, यदि कोई हो.

(आवेदक के हस्ताक्षर)

अनुसूची-दो

[नियम 5(6) देखिए]

(प्ररूप 3 के साथ पठित)

(क) शर्तें/निर्बन्धन, जिनके अध्यधीन यह योजना अनुमोदित की जा रही है—

1. प्रबंधन योजना का क्रियान्वयन, लोक वानिकी नियम, 2002 के नियम 6 तथा राज्य शासन द्वारा, समय-समय पर इस संबंध में जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार किया जाएगा. भूमि स्वामी को यह सलाह दी जाती है कि वह अनुमोदित योजना का क्रियान्वयन प्रारंभ करने के पूर्व इन उपबंधों को पढ़कर स्पष्ट रूप से समझ लें.
2. योजना के क्रियान्वयन के दौरान किसी विद्यमान अधिनियम, नियमों तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों और कार्यपालिक अनुदेशों के उल्लंघन में कोई बात नहीं की जाएगी.
3. क्षेत्र का प्रबंध, योजना के विधान के अनुसार किया जायेगा तथा योजना की कालावधि के दौरान भूमि के उपयोग के प्रकार में परिवर्तन नहीं किया जाएगा.

(ख) दशाएं, जिनमें यह मंजूरी रद्द की जा सकेगी:

1. उपरोक्त (क) में वर्णित किन्हीं शर्तों/निर्बन्धनों का उल्लंघन.
2. .....

(सक्षम प्राधिकारी की राय में अन्य कोई भी बिन्दु, जो आवश्यक हो)

3. .....

(ग) शासकीय वनों को अवैध रूप से काटकर गिराने से सुरक्षित रखने के लिए रक्षोपाय,—

(यदि प्रस्तावित योजना क्षेत्र, शासन के किसी भी प्रकार (टाइप) के वन से लगा हुआ हो तो आवश्यक रूप से उपबंध किया जाना है)

1. इस प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन से प्राप्त होने वाली वनोपज के स्वामित्व को स्थापित करने के सबूत का भार भूमि स्वामी पर होगा. (उसे इस संबंध में आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए और हमेशा इस बात को निर्विवाद रूप से स्थापित करने की स्थिति में होना चाहिए कि जो वनोपज उसके खसरे से उठाई जा रही है वह इस योजना के विधान के अनुसार विधिसम्मत रूप से काटकर गिराये गये वृक्षों की है तथा निकटवर्ती शासकीय वनों की नहीं है).

2. यदि क्षेत्र की सीमा का भाग, शासकीय वन से संलग्न है तो भूमिस्वामी उसके खाते को शासकीय वन से अलग करने वाले सीमा चिन्हों की प्रास्थिति के बारे में सतर्कता रखेगा. यदि ऐसे सीमा चिन्हों (सीमा के मुनारों अथवा सीमांकन रेखाओं या वृक्षों पर लगाए गए कोलतार के पट्टों सहित) में किसी प्रकार की क्षति या विकृति देखने में आती है तो वह संबंधित वन परिक्षेत्र कार्यालय को तत्काल सूचना देगा. राजस्व प्राधिकारियों द्वारा उसके खातों पर सीमांकन के प्रयोजन से लगाये गये ऐसे किन्हीं चिन्हों को भी वह सही दशा में बनाये रखेगा.

3. मध्यप्रदेश लोक वानिकी नियम, 2002 के नियम 6 के उपनियम (7) की ओर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाता है, जो निम्नानुसार है ''प्रबंधन योजना में विहित समस्त संक्रियाएं विनिर्दिष्ट समय पर पूर्ण की जाएंगी. यदि योजना में विहित कोई संक्रिया किसी अकल्पित कारण से निष्पादित नहीं की जाती है तो योजना का और क्रियान्वयन, पिछले वर्ष के लिए विहित संक्रियाओं के पूर्ण होने तक निलंबित रहेगा''.

पृष्ठांकन क्र. . . . . दिनांक . . . . . .

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को अग्रेषित:—

1. जिला कलेक्टर, ... जिला की ओर मध्यप्रदेश की लोक वानिकी अधिनियम, 2001 की धारा 4(8) के पालन के लिए.
2. श्री ..... (भूमिस्वामी का नाम)
3. कार्यालय प्रभारी, लोक वानिकी वन विभाग, भोपाल.

सक्षम प्रधिकारी के हस्ताक्षर

अनुसूची-तीन

[नियम 5(6) देखिए)

(प्ररूप-4 के साथ पठित)

(क) **शर्तें/निर्बन्धन, जिनके अध्यधीन यह प्रबंधन योजना अनुमोदित की जा रही है—**

(1) लोक वन के लिए प्रबंधन योजना का क्रियान्वयन, लोक वानिकी नियम, 2002 के नियम 6 तथा राज्य शासन द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार किया जाएगा. ग्राम पंचायत/ग्रामसभा के प्राधिकृत प्रतिनिधि को यह सलाह दी जाती है कि वह अनुमोदित योजना का क्रियान्वयन प्रारंभ करने के पूर्व इन उपबंधों को पढ़कर स्पष्ट रूप से समझ लें.

(2) प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन के दौरान किसी विद्यमान अधिनियम, नियमों तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों और कार्यपालिक अनुदेशों के उल्लंघन में कोई बात नहीं की जाएगी.

(3) क्षेत्र का प्रबंध, प्रबंधन योजना के विधान के अनुसार किया जायेगा तथा योजना की कालावधि के दौरान भूमि के उपयोग के प्रकार में परिवर्तन नहीं किया जाएगा.

(ख) दशाएं, जिनमें यह अनुमोदन रद्द किया जा सकेगा:

(1) उपरोक्त (क) में वर्णित किन्हीं शर्तों/निर्बन्धनों का उल्लंघन.

(2) .....

(सक्षम प्राधिकारी की राय में अन्य कोई भी बिन्दु, जो आवश्यक हो)

(3) .....

(ग) शासकीय वनों को अवैध रूप से काटकर गिराने से सुरक्षित रखने के लिए रक्षोपाय,—

(यदि प्रस्तावित योजना क्षेत्र, शासन के किसी भी प्रकार (टाइप) के वन से लगा हुआ हो तो आवश्यक रूप से उपबंध किया जाना है)

1. इस प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन से प्राप्त होने वाली वनोपज के स्वामित्व को स्थापित करने के सबूत का भार ग्राम पंचायत/ग्रामसभा पर होगा. (संबंधित ग्राम पंचायत/ग्रामसभा को आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए और हमेशा इस बात को निर्विवाद रूप से स्थापित करने की स्थिति में होना चाहिए कि जो वनोपज लोकवन से उठाई जा रही है वह इस प्रबंधन योजना के विधान के अनुसार विधिसम्मत रूप से काटे गये वृक्षों की है तथा निकटवर्ती शासकीय वनों की नहीं है).

2. यदि क्षेत्र की सीमा का भाग, शासकीय वन से सटा हुआ है तो ग्राम पंचायत/ग्रामसभा, उसके खाते को शासकीय वन से अलग करने वाले सीमा चिन्हों की प्रास्थिति के बारे में सतर्कता रखेगी. यदि ऐसे सीमा चिन्हों (सीमा के मुनारों अथवा सीमांकन रेखा या वृक्षों पर लगाए गए कोलतार के पट्टों सहित) में किसी प्रकार की क्षति या विकृति देखने में आती है तो प्राधिकृत प्रतिनिधि, संबंधित वन परिक्षेत्र कार्यालय को तत्काल सूचना देगा. संबंधित ग्राम पंचायत/ग्रामसभा, राजस्व प्राधिकारियों द्वारा खाते पर सीमांकन के प्रयोजन से लगाए गए ऐसे किन्हीं चिन्हों को भी सही दिशा में बनाए रखेगी.

3. मध्यप्रदेश लोक वानिकी नियम, 2002 के नियम 6 के उपनियम (7) की ओर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाता है, जो निम्नानुसार है "प्रबंधन योजना में विहित समस्त संक्रियाएं विनिर्दिष्ट समय में पूर्ण की जाएंगी. यदि योजना में विहित कोई संक्रिया किसी अकल्पित कारण से निष्पादित नहीं की जाती है तो प्रबंधन योजना का और क्रियान्वयन, पिछले वर्ष के लिए विहित संक्रियाओं के पूर्ण होने तक निलंबित रहेगा".

पृष्ठांकन क्र. . . . . दिनांक . . . . . .

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को अग्रेषित:—

1. जिला कलेक्टर, ... जिला की ओर मध्यप्रदेश लोक वानिकी अधिनियम, 2001 की धारा 4(8) के पालन के लिए.

2. श्री ..... (ग्राम पंचायत/ ग्रामसभा के प्राधिकृत प्रतिनिधि का नाम)

3. कार्यालय प्रभारी, लोक वानिकी वन विभाग, भोपाल.

सक्षम प्रधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप-1

[नियम 5(1) देखिए]

किसी भूमिस्वामी क्षेत्र के लिए प्रबंधन योजना के मंजूरी हेतु आवेदन पत्र

(तीन प्रतियों में भरा जावे)

1. आवेदक का नाम .....

2. पिता/पति का नाम .....

3. डाक का वर्तमान पता .....

4. तहसील ..... राजस्व उपखण्ड .....

5. पुलिस थाना ..... 6. जिला .....

7. उस खसरे का ब्यौरा, जिसके लिए योजना तैयार की गई है :

अनु. क्र.	ग्राम/पटवारी हलका क्रमांक/ खसरा क्रमांक तथा अवस्थिति संबंधी अन्य ब्यौरे	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	खसरे पर वृक्षों की संख्या	खसरे का/के स्वामी	लगे हुए सर्वे क्रमांक के ब्यौरे
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
					उत्तर— पूर्व— पश्चिम— दक्षिण—

8. ग्राम सभा का नाम, जिसमें खसरा स्थित है .....

9. ग्राम पंचायत का नाम, जिसमें खसरा स्थित है .....

10. योजना तैयार करने वाले चार्टर्ड फारेस्टर के ब्यौरे :—

चार्टर्ड फारेस्टर का नाम तथा पता (1)	नामांकन कार्यालय (2)	नामांकन क्रमांक (3)

11. योजना तैयार करने की तारीख—

(क) प्रारंभ की तारीख ..... (ख) पूर्ण होने की तारीख .....

मैं ..... पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .....

निवासी ..... एतद्द्वारा मेरे उक्त खसरा (पैरा 7 में उपदर्शित) के लिए लोक वानिकी अधिनियम, 2001 तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों के अनुसार तैयार की गई प्रबंधन योजना को मंजूर करने के लिए मेरा अनुरोध प्रस्तुत करता हूं.

मैं प्रमाणित करता हूं कि मंजूरी के लिए प्रस्तुत की जा रही प्रबंधन योजना मेरे द्वारा चार्टर्ड फॉरेस्टर को जिसका नाम पैरा 8 में उपदर्शित किया गया है, दी गई सत्य जानकारी तथा दस्तावेजों पर आधारित है. मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि योजना से संलग्न किये गये दस्तावेज, भूमि तथा उस पर खड़े वृक्षों पर मेरे विधिक स्वामित्व से संबंधित मूल दस्तावेजों की सत्य प्रतियां हैं. मैंने व्यक्तिगत रूप से स्वयं का समाधान कर लिया है कि प्रस्तावित प्रबंधन योजना, इस आवेदन पत्र के पैरा 7 में उल्लिखित क्षेत्र को ही लागू होती है तथा इसमें ऐसी कोई बात अंतर्विष्ट नहीं है जिसका मेरे विधिक कब्जे से बाहर निकटवर्ती क्षेत्रों पर प्रभाव हो.

इस आवेदन पत्र के माध्यम से मैं यह भी वचन देता हूं कि उन सभी नियमों तथा विनियमों का पालन करूंगा, जिनके अध्यधीन रहते हुए प्रबंधन योजना मंजूर की जाएगी.

साक्षी : (पूरा नाम तथा पता सहित)

1. .....

2. .....

भूमिस्वामी का नाम तथा हस्ताक्षर

तारीख .....

स्थान .....

टीप : यह प्ररूप तीन प्रतियों में भरा जाएगा.

1. इस आवेदन पत्र की एक प्रति सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त करते समय कार्यालय की मुद्रा लगाने तथा प्राप्ति की तारीख अंकित करने के बाद आवेदक को वापस कर दी जाएगी.

2. इस आवेदन पत्र की दो प्रतियां सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में रखी जाएगी. इन दो प्रतियों में से एक प्रति लोक वानिकी अधिनियम 2001 की धारा 4 तथा उसके अधीन नियमों के अधीन जिला कलेक्टर को भेजे जाने वाले संसूचना-पत्र से संलग्न की जाएगी.

प्ररूप-2

[नियम 5(2) देखिए]

लोक वन के लिए तैयार की गई प्रबंधन योजना की स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र

(तीन प्रतियों में भरा जाए)

1. ग्राम पंचायत/ग्राम सभा का नाम, जिसकी ओर से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है .....

.....

जनपद पंचायत, जिसमें स्थित है. .....

2. आवेदक का नाम और पद .....

3. पिता/पति का नाम .....

4. डाक का वर्तमान पता .....

सील ..... राजस्व उपखण्ड .....

तस थाना ..... जिला .....

स्व भूमि के ब्यौरे, जिसके लिए योजना बनाई गई है—

ग्राम/पटवारी हलका क्रमांक/ खसरा क्रमांक तथा अवस्थिति संबंधी अन्य ब्यौरे	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	खसरे पर वृक्षों की संख्या	लगे हुए सर्वे क्रमांकों के ब्यौरे	कोई अन्य ब्यौरे
(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
			उत्तर= पूर्व= पश्चिम= दक्षिण=	

7. जिला कलेक्टर का आदेश क्रमांक तथा दिनांक, जिसके द्वारा क्षेत्र, लोक वन के रूप में प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत/ग्राम सभा को सौंपा गया : .....

8. ग्राम पंचायत/ग्राम सभा द्वारा पारित संकल्प के ब्यौरे, जिसके द्वारा आवेदक को उनकी ओर से कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया गया है .....

.....

9. योजना तैयार करने वाले चार्टर्ड फारेस्टर के ब्यौरे :—

चार्टर्ड फारेस्टर का नाम तथा पता	नामांकन स्थान और कार्यालय	नामांकन क्रमांक
(1)	(2)	(3)

10. योजना तैयार करने की तारीख—

(क) प्रारंभ होने की तारीख ..... (ख) पूर्ण होने की तारीख .....

मैं ..... पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ..... निवासी .....

ग्राम पंचायत/ग्राम सभा ..... द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के रूप में उसकी ओर से यह आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए नाम निर्देशित किया गया हूं, एतद्द्वारा, लोक वन के रूप में प्रबंधन किए जाने के लिए प्रस्तावित राजस्व क्षेत्र (पैरा 6 में उपदर्शित) के लिए लोक वानिकी अधिनियम, 2001 तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों के अनुसार बनाई गई वैज्ञानिक प्रबंधन योजना के अनुमोदन के लिए मेरा अनुरोध प्रस्तुत करता हूं.

मैं, ग्राम पंचायत/ग्राम सभा ..... की ओर से प्रमाणित करता हूं कि इस आवेदन पत्र के पैरा 6 में दर्शाया गया क्षेत्र लोक वन के रूप में प्रबंधन हेतु जिला कलेक्टर द्वारा पूरी तरह सीमांकित कराया जाकर ग्राम पंचायत/ग्राम सभा को सौंप दिया गया है.

मैं, ग्राम पंचायत/ग्राम सभा ..... की ओर से यह भी प्रमाणित करता हूं कि अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की

जा रही प्रबंधन योजना चार्टर्ड फारेस्टर को, जिसका नाम पैरा क्रमांक 9 में उल्लिखित है, ग्राम पंचायत/ग्राम सभा द्वारा दी गई सत्य जानकारी तथा दस्तावेजों पर आधारित है. मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि योजना से संलग्न किए गए दस्तावेज, भूमि के तथा उस पर खड़े वृक्षों के विधिक स्वामित्व के मूल दस्तावेजों की सत्य प्रतियां हैं. मैंने स्वयं का व्यक्तिगत रूप से समाधान कर लिया है कि प्रस्तावित प्रबंधन योजना इस आवेदन पत्र के पैरा 6 में उल्लिखित क्षेत्र पर ही लागू होती है तथा इसमें ऐसीकोई बात अंतर्विष्ट नहीं है जिसका प्रभाव निकटवर्ती क्षेत्रों पर पड़ता हो.

इस आवेदन पत्र के माध्यम से मैं यह भी वचन देता हूं कि ग्राम पंचायत/ग्राम सभा .... की ओर से कार्य करते हुए उन सभी नियमों तथा विनियमों का पालन करूंगा, जिनके अध्यधीन रहते हुए प्रबंधन योजना अनुमोदित की जाएगी.

साक्षी (पूरा नाम तथा पता सहित)

1. ....

2. .... ग्राम पंचायत/ग्राम सभा के प्राधिकृत प्रतिनिधि का नाम तथा हस्ताक्षर

तारीख . . . .

स्थान ....

टीप :— यह प्ररूप तीन प्रतियों में भरा जाएगा :—

1. इस आवेदन पत्र की एक प्रति सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त करते समय कार्यालय की मुद्रा तथा प्राप्ति की तारीख अंकित करने के पश्चात आवेदक को वापस कर दी जाएगी.

2. इस आवेदन पत्र की दो प्रतियां, सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में रखी जाएंगी. इन दो प्रतियों में से एक प्रति लोक वानिकी अधिनियम 2001 की धारा 4 तथा उसके अधीन नियमों के अधीन, जिला कलेक्टर को भेजे जाने वाले सूचना पत्र से संलग्न की जाएगी.

प्ररूप-3

[नियम 5(6) देखिए]

सक्षम प्राधिकारी का आदेश (भूमि स्वामी क्षेत्र के लिए)

कार्यालय की मुद्रा

आदेश क्र. . . . . . . .दिनांक. . . . .

श्री/श्रीमती .... पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ....
निवासी .... **द्वारा उनके खाते के लिए प्रबंधन योजना के मंजूरी के संबंध में आवेदन पत्र**
दिनांक . . . . .के संदर्भ में निम्नलिखित विनिश्चय किया गया है :

I/We also declare that information furnished in this form is correct and true the best of my/our knowledge and I/We have not concealed or suppressed any material fact pertaining to this proposal, I/We agree to abide by any rules and guidelines governing profession and conduct of chartered foresters and hereby request for my/our registration as a chartered forester. I/We hereby agree to the Code of Conduct for Chartered Foresters and enclose the same on an affidavit dated . . . . . with a request for my enrolment as Chartered Forester.

Encl.: (1) Affidavit containing details enumerated in attachment -1 . . . . . .

(2) Details of payment of application fees . . . . . .

(3) Certified copies of the documents related to para 6 & 7 . . . . . .

Place :
Date : Singature of the Applicant

AFFIDAVTT

Acceptance of Code of Conduct for Chartered Foresters

(Read with form No. 5 under Rule 8 (2 & 3)

I/We, Shri/Smt./Ms. . . . . S/o / D/o / W/o . . . . . .
Aged . . . . . .yrs, Resident of . . . . . .
. . . . . .
do hereby, under oath, state that while delivering my/our services as an enrolled chartered forester to an individual/ firm/institution/government of society I shall :

1. abide by the provisions of the Madhya Pradesh Lok Vaniki Adhiniyam, 2001, and the Rules made thereunder and the relevant guidelines.

2. keep my integrity beyond doubt and commitment to the nation and forestry profession unquestionable.

3. use my knowledge, skill and experience of forestry only for good cause and for creating a sensibility in public towards forestry, forest policies and forest dwelling communities.

4. certify or attest only those maps, document and management plans, which will be correct to the best of my knowledge or prepared under my personal supervision and verified personally with respect to the ground.

5. not misguide or abet my client to do anything that is ecologically unsustainable or technically not feasible.

6. accept to undertake only those technical assignments for which I posses the adequate technical knowledge and skills. I shall not undertake any forestry assignment beyond my capability by exaggerating my competence.

7. intimate the concerned forest officers, if any nefarious activities or any thing in contravention to national forest policy, forestry laws and guidelines, being done by any other chartered forester or any other person or institution, comes to my notice.

8. not enter into an unfair competition with other chartered foresters. I shall also not undertake an assignment being handled by another chartered forester unless either, he/she is unable to handle it or has left the task incomplete.

9. not do anything, which undermines the credibility or reputation of forestry profession or chartered foresters.

Signature of the Applicant
(Name . . . . . .)

Place :

Date :

FORM NO.-6

[See Rule 8 (4)]

Enrolment Certificate of a Chartered Forester

Seal of GoMP

Shri/Ms./Smt. . . . . S/o / D/o / W/o . . . . . ., Resident of . . . . . .(permanent address) . . . . . ,

Is here by enrolled as a Chartered Forester under Rule 8 of M. P. Lok Vaniki Rules, 2002. His/Her Enrolment No. Is . . . . . .

This enrolment is subject to the terms and conditions of Rule 8 of Lok Vaniki Rules, 2002.

Place . . . . . .

Date . . . . . .

Signature of Enrolment Officer
(Name . . . . . .)
Seal of the office

FORM NO.-7
[See Rule 8 (4)]

Enrolment Register of Chartered Forester

Sl. No.	Name/Father's Name of the Enrolled Chartered Forester	M. R. No./Challan No. of payment of enrolment fee	Qualification
(1)	(2)	(3)	(4)

Date of Enrolment	Current status of Enrolment (to be updated annually)	Remarks	Signature of the Enrolment Officer
(5)	(6)	(7)	(8)

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RATAN PURWAR, Addl. Secy.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2002.

अधिनियम

(5) (1)

डाक-व्यय की पूर्व-अदायगी के बिना
डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.
अनुमति-पत्र क्र. भोपाल-एम.पी.
बि.पू.भु./04 भोपाल-2001.

पंजी क्रमांक भोपाल डिवीजन
एम. पी. 108/भोपाल/2001.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 246] भोपाल, गुरुवार, दिनांक 12 अप्रैल 2001—चैत्र 22, शक 1923

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2001

क्र. 2773-इक्कीस-अ (प्रा.).—मध्यप्रदेश विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम, जिस पर दिनांक 9 अप्रैल 2001 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. सिटोके, अतिरिक्त सचिव.

Appeal.

मध्यप्रदेश अधिनियम

क्रमांक १० सन् २००१

मध्यप्रदेश लोक वानिकी अधिनियम

विषय-सूची

धाराएं :

१. संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ तथा लागू होना.

Protection of action taken in good faith.

२. परिभाषाएं.

३. प्रबंधन योजना का तैयार किया जाना.

Power to make Rules.

४. प्रबंधन योजना का अनुमोदन.

५. प्रबंधन योजना का क्रियान्वयन.

६. प्रबंधन योजना का मानीटर किया जाना.

७. चार्टर्ड फारेस्टर का नामांकन.

८. उल्लंघन के लिए दण्ड.

९. अपील.

१०. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई का संरक्षण.

११. नियम बनाने की शक्ति.

१२. अन्य अधिनियम का लागू न होना.

Other Act not to apply.

१३. कठिनाई दूर करने की शक्ति.

Power to remove difficulty.

मध्यप्रदेश अधिनियम

क्रमांक १० सन् २००१

मध्यप्रदेश लोक वानिकी अधिनियम, २००१

[दिनांक 9 अप्रैल, 2001 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हुई; अनुमति "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)" में दिनांक 12 अप्रैल, 2001 को प्रथम बार प्रकाशित की गई.]

मध्यप्रदेश राज्य में निजी और राजस्व वृक्ष आच्छादित क्षेत्रों के प्रबंधन तथा उससे संसक्त या उससे आनुषंगिक विषयों को विनियमित करने और सुकर बनाने हेतु अधिनियम.

भारत गणराज्य के बावनवें वर्ष में मध्यप्रदेश विधान-मंडल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:—

संक्षिप्त नाम, प्रारंभ तथा लागू होना.

१. (१) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश लोक वानिकी अधिनियम, २००१ है.

(२) यह ऐसी तारीख को प्रवृत्त होगा जिसे राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, नियत करे तथा जिलों के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के लिए भिन्न-भिन्न तारीखें नियत की जा सकेंगी.

(३) यह ऐसे निजी और राजस्व क्षेत्रों को लागू होगा जिनको यथास्थिति भूमिस्वामी, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा वृक्ष आच्छादित क्षेत्र के रूप में प्रबंधन करना चाहता/चाहती है.

परिभाषाएं.

२. इस अधिनियम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अपील प्राधिकारी" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा धारा ९ के अधीन अधिसूचित कोई प्राधिकारी;

(ख) "संहिता" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, १९५९ (क्रमांक २० सन् १९५९);

(ग) "चार्टर्ड फारेस्टर" से अभिप्रेत है कोई व्यक्ति जिसे धारा ७ के अधीन चार्टर्ड फारेस्टर के रूप में नामांकित किया गया है;

(घ) "सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा धारा ४ के अधीन अधिसूचित प्राधिकारी;

(ङ) "वन अधिकारी" से अभिप्रेत है भारतीय वन अधिनियम, १९२७ (१९२७ का सं. १६) में यथा परिभाषित ऐसा अधिकारी किन्तु जो वन मण्डल अधिकारी के पद श्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो;

(च) "खाता" और "भूमिस्वामी" के वही अर्थ होंगे जो संहिता में उनके लिए समनुदेशित हैं;

(छ) "राजस्व अधिकारी" से अभिप्रेत है संहिता में यथा विनिर्दिष्ट ऐसा राजस्व अधिकारी जो उपखण्ड अधिकारी की पद श्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो;

(ज) "वृक्ष" के वही अर्थ होंगे जो भारतीय वन अधिनियम, १९२७ (१९२७ का सं. १६) में उनके लिए समनुदेशित हैं किन्तु इसमें बांस, ताड़, घनी झाड़ी (ब्रशवुड) और बेंत सम्मिलित नहीं हैं;

(झ) "वृक्ष आच्छादित क्षेत्र" से अभिप्रेत है ऐसा क्षेत्र जहां वृक्षों की संवृद्धि होती हो और जिनके लिए धारा ३ के अधीन प्रबंधन योजना तैयार की गई हो.

प्रबंधन योजना का तैयार किया जाना.

३. वृक्ष आच्छादित क्षेत्र के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए चार्टर्ड फारेस्टर द्वारा प्रबंधन योजना तैयार की जाएगी जिसमें ऐसी विशिष्टियां अन्तर्विष्ट होंगी, जैसी कि विहित की जाएं.

प्रबंधन योजना का अनुमोदन.

४. धारा ३ के अधीन तैयार की गई प्रबंधन योजना, ऐसे सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाए. सक्षम प्राधिकारी प्रबंधन योजना का अनुमोदन ऐसी रीति में कर सकेगा जैसी कि विहित की जाए. प्रबंधन योजना का अनुमोदन करने के पश्चात् सक्षम प्राधिकारी भूमि और वृक्षों के ब्यौरों की सूचना संहिता की धारा ११४-क की उपधारा (२) के अधीन भू-अभिलेख में प्रविष्टि के प्रयोजन के लिए राजस्व अधिकारी को देगा.

प्रबंधन योजना का क्रियान्वयन.

५. (१) सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित प्रबंधन योजना प्राप्त हो जाने पर, यथास्थिति प्रत्येक भूमिस्वामी या ग्राम पंचायत या ग्राम सभा उक्त योजना में यथावर्णित विहित समय सूची के अनुसार उक्त योजना का क्रियान्वयन करेगा/करेगी.

(२) यथास्थिति, किसी भूमिस्वामी या ग्राम पंचायत या ग्राम सभा को किसी राजस्व या निजी वृक्ष आच्छादित क्षेत्रों में, जहां कि अनुमोदित प्रबंधन योजना के अधीन वृक्ष काटकर गिराने की अनुज्ञा दी जा चुकी है, वहां मध्यप्रदेश आदिम जनजातियों का संरक्षण (वृक्षों में हित) अधिनियम, १९९९ (क्रमांक १२ सन् १९९९) के सिवाय किसी अन्य अधिनियम या तत्समय प्रवृत्त किन्हीं नियमों के अधीन वृक्ष काटकर गिराने की कोई अनुज्ञा अपेक्षित नहीं होगी.

(३) जहां अनुमोदित प्रबंधन योजना के अधीन शासकीय वन से लगे हुए राजस्व या निजी वृक्ष आच्छादित क्षेत्रों में वृक्ष काटकर गिराने की अनुज्ञा दी गई है वहां सक्षम प्राधिकारी शासकीय वनों की अवैध कटाई से संरक्षा करने के लिए आवश्यक रक्षोपाय विहित करेगा.

प्रबंधन योजना का मानीटर किया जाना.

६. राज्य सरकार, अनुमोदित प्रबंधन योजना का क्रियान्वयन ऐसी रीति में और ऐसे प्राधिकारी द्वारा मानीटर करेगी जो कि विहित की जाए.

चार्टर्ड फारेस्टर का नामांकन.

७. (१) राज्य सरकार चार्टर्ड फारेस्टर का एक नामांकन रजिस्टर ऐसे प्ररूप में तैयार करेगी जो कि विहित किया जाए.

(२) चार्टर्ड फारेस्टर के लिए पात्रता मापदण्ड और नामांकन की प्रक्रिया ऐसी होगी जो कि विहित की जाए.

उल्लंघन के लिए दण्ड.

८. कोई व्यक्ति जो इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के उल्लंघन में कार्य करेगा या जो वन आच्छादित क्षेत्रों के लिए प्रबंधन योजना के अनुमोदित हो जाने के पश्चात् अनुमोदित प्रबंधन योजना में सम्मिलित खाते से वृक्ष काटकर गिराएगा या वृक्षों या वृक्षों के लट्ठों को हटाएगा तो वह ऐसी शास्ति जो अन्तर्वलित वृक्षों के मूल्य के दुगने तक हो सकेगी किन्तु एक लाख रुपये से अधिक नहीं होगी, का दायी होगा जैसा कि उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) ऐसे व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् उचित समझे, और उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) गिराए गए वृक्षों या वृक्षों के लट्ठों को संहिता में विहित प्रक्रिया के अनुसार अधिहृत करने का अतिरिक्त आदेश दे सकेगा.

अपील.

९. (१) उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) के किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति आदेश या विनिश्चय के तीस दिन के भीतर अथवा यदि ऐसे आदेश या विनिश्चय के तथ्य से उसे संसूचित नहीं किया गया है तो ऐसे आदेश या विनिश्चय के जानकारी में आने के तीस दिन के भीतर, अपील प्राधिकारी को ऐसी रीति में जैसा कि राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, ऐसी फीस के साथ जो विहित की जाए, लिखित में अपील कर सकेगा.

(२) अपील की सुनवाई के लिए नियत तारीख को अपील प्राधिकारी, अपील के पक्षकारों को व्यक्तिशः या उनके द्वारा सम्यक रूप से लिखित में किसी प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से सुनेगा और उसके पश्चात् आदेश या विनिश्चय की पुष्टि करने, उलटने या उपांतरण करने का आदेश पारित करने के लिए अग्रसर होगा.

(३) अपील प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश की प्रतियां सक्षम प्राधिकारी को, अनुपालन के लिए या ऐसे और आदेश पारित करने के लिए जैसे कि अपील प्राधिकारी द्वारा निदेशित किए जाएं, भेजी जाएंगी.

सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई का संरक्षण.

१०. इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए नियमों के अनुसरण में सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्रवाई, राज्य सरकार या किसी अधिकारी या प्राधिकरण के विरुद्ध नहीं होगी.

निवम बनाने की शक्ति.

११. (१) राज्य सरकार, इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए अधिसूचना द्वारा नियम बना सकेगी.

(२) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किन्हीं विषयों के लिए उपबंध हो सकेंगे, अर्थात् :—

(क) वे विशिष्टियां जिन्हें धारा ३ के अधीन प्रबंधन योजना में अंतर्विष्ट किया जाएगा;

(ख) वह समय जिसके भीतर प्रबंधन योजना कार्यान्वित की जाएगी;

(ग) वह रीति जिसमें प्रबंधन योजना धारा ४ के अधीन अनुमोदित की जाएगी;

(घ) वह रीति जिसमें तथा वह प्राधिकारी जिसके द्वारा प्रबंधन योजना, धारा ६ के अधीन मानीटर की जाएगी;

(ङ) वह प्ररूप जिसमें नामांकन रजिस्टर तैयार किया जाएगा और वह मापदंड तथा प्रक्रिया जिसके द्वारा धारा ७ के अधीन चार्टर्ड फारेस्टर का नामांकन किया जायेगा;

(च) वह रीति जिसमें तथा वह फीस जिसके संदाय किए जाने पर धारा ९ के अधीन अपील की जाएगी;

(छ) कोई अन्य विषय जो विहित किया जाए या जो विहित किया जा सके.

(३) इस अधिनियम के अधीन बनाए गए समस्त नियम विधान सभा के पटल पर रखे जाएंगे.

अन्य अधिनियम का लागू न होना.

१२. इस संहिता में अन्तर्विष्ट कोई बात वृक्ष आच्छादित क्षेत्रों के प्रबंधन को उन विषयों के संबंध में लागू नहीं होगी जिसके लिए उपबंध इस अधिनियम में अंतर्विष्ट है.

कठिनाई दूर करने की शक्ति.

१३. इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने में यदि कोई कठिनाई उद्भूत हो, तो राज्य सरकार इन उपबंधों से अनअसंगत कोई बात कर सकेगी जो कठिनाई को दूर करने के प्रयोजनों के लिए आवश्यक या समीचीन है :

परन्तु ऐसा कोई आदेश इस अधिनियम के प्रारम्भ होने की तारीख से दो वर्ष की कालावधि का अवसान हो जाने के पश्चात् नहीं किया जाएगा.

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2001

क्र. 2774-इक्कीस-अ (प्रा.)—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, मध्यप्रदेश लोक वानिकी अधिनियम, 2001 (क्रमांक 10 सन् 2001) का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. सिटोके, अतिरिक्त सचिव.

MADHYA PRADESH ACT

No. 10 OF 2001

THE MADHYA PRADESH LOK VANIKI ADHINIYAM, 2000.

TABLE OF CONTENTS

Sections :

1. Short title, Commencement and application.
2. Difinitions.
3. Preparation of Management Plan.
4. Approval of Management Plan.
5. Implementation of Management Plan.
6. Monitoring of Management Plan.
7. Enrolment of Chartered Forester.
8. Punishment for contravention.
9. Appeal.
10. Protection of Action taken in good faith.
11. Power to make Rules.
12. Other Act not to apply.
13. Power to remove difficulty.

MADHYA PRADESH ACT

No. 10 OF 2001

THE MADHYA PRADESH LOK VANIKI ADHINIYAM, 2001.

[Received the assent of the Governor on 9th April, 2001, assent first published in the "Madhya Pradesh Gazette (Extraordinary)" dated the 12th April, 2001.]

An Act to regulate and facilitate management of tree-clad private and revenue areas in the state of Madhya Pradesh and for matters connected therewith or incidental thereto.

Be it enacted by the Madhya Pradesh Legislature in the Fifty First year of the Republic of India or follows:—

Short title, Commencement and applicaton.

1. (1) This Act may be called the Madhya Pradesh Lok Vaniki Adhiniyam, 2001.

(2) It shall come into force on such date as the State Government may, by notification, appoint and different dates may be appointed for different areas of the districts.

(3) it shall apply to such private and revenue areas which the Bhoomiswami, the Gram Panchyat or the Gram Shabha, as the case may be, intends to manage as tree-clad area.

Definitions

2. In this Act, unless the context otherwise requires,—

(a) 'Appellate Authority' means any authority notified by the State Government under section 9;

(b) 'Code' means the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (20 of 1959);

(c) 'Chartered Forester' means any person who is enrolled as Chartered forester under section 7;

(d) 'Competent authority' means the authority notified by the State Government under section 4;

(e) 'Forest Officer' means such officer as defined in the Indian Forest Act, 1927 (16 of 1927), but who shall not be below the rank of Divisional Forest Officer;

(f) 'Holding and "Bhumiswami' shall have same meanings as assigned to them in the Code;

(g) 'Revenue Officer' means such revenue officer as specified in the Code, but who shall not be below the rank of Sub-Divisional Officer;

(h) 'Trees' shall have the same meaning as assigned to it in the Indian Forest Act, 1927 (16 of 1927), but shall not include bamboos, palms, brushwood and canes;

(i) 'Tree-clad area' means the area where there is tree growth and for which a management plan has been prepared under Section 3;

Preparation of Management Plan.

3. The Managemennt Plan for the scientific management of the tree-clad area shall be prepared by Chartered Forester containing such particulars as may be prescribed.

Approval of Management Plan.

4. The Management Plan prepared under Section 3 shall be submitted to the competent authority as may be notified by the State Government from time to time. The Competent Authority may approve the Management Plan in such manner as may be prescribed. After having approved the management plan, the competent authority shall intimate to the revenue officer, the details of land and trees for the purpose of entry into the land record under sub-section (2) of Section 114-A of the code.

Implementation of Management Plan.

5. (1) Every Bhumiswami or Gram Panchayat or Gram Sabha as the case may be, after having received the approved management plan from the competent authority, shall implement the said plan according to the prescribed time schedule as mentioned in the said plan.

(2) The Bhumiswami or the Gram Panchayat or the Gram Sabha, as the case may be, shall not require any permission under any other Act or the rules except the Madhya Pradesh Protection of Aboriginal Tribes (Interest in Trees) Act, 1999 (No. 12 of 1999), for the time being in forrce for felling of tree in the revenue or private tree clad areas, where such felling has been permitted under the approved management plan.

(3) Where the felling of trees in revenue or private tree-clad areas adjacent to Government Forest is permitted under the approved management plan, the Competent Authority shall prescribe necessary safeguards to protect Government forests from illicit felling.

Monitoring of Management Plan.

6. The State Government shall monitor the implementation of the approved Management Plan in such manner and by such authority as may be prescribed.

Enrolment of Chartered Forester.

7. (1) The State Government shall prepare an enrolment register of Chartered Forester in such form as may be prescribed.

(2) The eligibility criteria and procedure for enrolment of Chartered Forester shall be such as may be prescribed.

Punishment for contravention.

8. Any person who acts in contravention of the provisions of this Act or Rules made thereunder or who after having approved management plan for tree-clad areas, fells trees or removes trees or any logs of the trees from the holding included in the approved management plan shall be liable to such penalty which may extend to twice the value of the trees involved but not exceeding One Lakh Rupees, as the Sub-Divisional Officer (Revenue) may after giving such person an opportunity to be heard, deem fit and the Sub-Divisional Officer (Revenue) may further order confiscation of felled trees or logs according to the procedure prescribed in the code.

Appeal.

9. (1) Any person aggrieved by any order of the Sub-Divisional Officer (Revenue), may within thirty days of the order or decision, or if fact of such order or decision has not been communicated to him, with in thirty days of knowledge of such order or decision, prefer an appeal in writing, in such manner accompanied by such fees as may be prescribed, to the Appellate Authority as may be notified by the State Government.

(2) On the date fixed for hearing of appeal, the Appellate Authority shall hear the parties to the appeal in person or through any agent duly authorised in writing and shall thereafter proceed to pass an order of confirmation, reversal or modification of order or the decision.

(3) Copies of the order passed by Appellate Authority, shall be sent to Competent Authority for compliance, or for passing such further order, as may be directed by Appellate Authority.

Protection of action taken in good faith.

10. No suit, prosecution or other legal proceeding shall lie against the State Government or any officer or authority for anything which is in good faith done or intended to be done in pursuance of this Act or rules made thereunder.

Power to make Rules.

11. (1) The State Government may, by notification, make Rules for carrying out the pruposes of this Act;

(2) In particular and without prejudice to the generality of the foregoing power such Rules may provide for all or any of the following matters, namely :—

(a) the particulars which the management plan shall contain under Section 3;

(b) the time within which management plan shall be implemented;

(c) the manner in which the management plan shall be approved under Section 4;

(d) the manner in which and the authority by which the management plan shall be monitored under Section 6;

(e) the Form in which enrolment register shall be prepared and the criteria and procedure by which Chartered Forester shall be enrolled under Section 7;

(f) the manner in which and the fees on payment of which the appeal shall be preferred under Section 9;

(g) any other matter which has to be or may be prescribed.

(3) All Rules made under this Act shall be laid on the table of the Legislative Assembly.

Other Act not to apply.

12. Nothing contained in the Code shall apply to management of tree clad areas in respect of matters for which provisions are contained in this Act.

Power to remove difficulty.

13. If any difficulty arises in giving effect to the provision of this Act, the State Government may do anything not inconsistent with such provisions which appears to it to be necessary or expedient for the purposes of removing the difficulty :

Provided that no such order shall be made after the expiry of a period of two years from the date of commencement of this Act.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2001.

अधिनियम

(4) 9

डाक-व्यय की पूर्व-अदायगी के बिना
डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.
अनुमति-पत्र क्र. भोपाल-एम.पी.
बि. पू. भु./04 भोपाल-2001.

पंजी क्रमांक भोपाल डिवीजन
एम.पी. 108/भोपाल/2001.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 518] भोपाल, गुरुवार, दिनांक 27 सितम्बर 2001—आश्विन 5, शक 1923

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 27 सितम्बर 2001

क्र. 5055-499-इक्कीस-अ-(प्रा.).— मध्यप्रदेश विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम, जिस पर दिनांक 26 सितम्बर 2001 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. सिटोके, अतिरिक्त सचिव.

मध्यप्रदेश
क्रमांक २०

मध्यप्रदेश वृक्षों का परिरक्षण (नगरीय क्षेत्र) अधिनियम, २००१.

विषय-सूची.

धाराएं :

१. संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ.
२. परिभाषाएं.
३. वृक्षों को काटकर गिराने बाबत् निर्बन्धन.
४. वृक्ष अधिकारी की नियुक्ति.
५. अन्य अधिकारियों की नियुक्ति.
६. वृक्ष को काटकर गिराने, काटने, हटाने या उसका व्ययन करने के लिए अनुज्ञा अभिप्राप्त करने की प्रक्रिया.
७. वृक्षों का परिरक्षण.
८. धारा ६ के अधीन किए गए आदेश का क्रियान्वयन.
९. अपील.
१०. सम्पत्ति का अभिग्रहण.
११. धारा १० के अधीन अभिगृहीत संपत्ति को निर्मुक्त करने की शक्ति.
१२. इमारती लकड़ी/जलाऊ लकड़ी, औजार आदि कब अधिहरण के दायित्वाधीन होंगे.
१३. संगठनों द्वारा अपराध.
१४. अपराध के किए जाने को रोकने की शक्ति.
१५. अपराध शमन करने की शक्ति.
१६. अधिनियम के उल्लंघन की रिपोर्ट कतिपय व्यक्तियों द्वारा की जाएगी.
१७. धन के संदाय के आदेश का निष्पादन.
१८. शास्ति.
१९. इस अधिनियम के अधीन व्यक्तियों का लोक सेवक होना.
२०. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई का संरक्षण.
२१. वृक्षों के परिरक्षण के लिए राज्य सरकार की शक्ति.
२२. वृक्ष अधिकारी को कतिपय शक्तियां विनिहित करना.
२३. गिराई गई सामग्री का अभिवहन.
२४. नियम बनाने की शक्ति.

मध्यप्रदेश अधिनियम
क्रमांक २० सन् २००१

मध्यप्रदेश वृक्षों का परिरक्षण (नगरीय क्षेत्र) अधिनियम, २००१.

[दिनांक 26 सितम्बर, 2001 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हुई; अनुमति "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)" में दिनांक 27 सितम्बर, 2001 को प्रथम बार प्रकाशित की गई.]

मध्यप्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के वृक्षों के परिरक्षण तथा पुनः वृक्षारोपण के प्रयोजन के लिए वृक्षों को काटकर गिराने के विनियमन के लिए बेहतर उपबंध करने हेतु अधिनियम.

भारत गणराज्य के बावनवें वर्ष में मध्यप्रदेश विधान-मंडल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:—

संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ.

१. (१) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश वृक्षों का परिरक्षण (नगरीय क्षेत्र) अधिनियम, २००१ है.

(२) इसका विस्तार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश राज्य पर है.

(३) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से समस्त नगरीय क्षेत्रों में प्रवृत्त होगा.

परिभाषाएं.

२. इस अधिनियम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अपील प्राधिकारी" से अभिप्रेत है कोई प्राधिकारी जो राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम के अधीन अपील प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया हो;

(ख) "वृक्ष" से अभिप्रेत है कोई ऐसा काष्ठीय पौधा जिसकी शाखाएं तने या काय से निकलती हैं तथा जो तने या काय पर आलंबित हों और जिसके तने या काय का व्यास भूमि तल पर ३० सें. मी. से कम न हो तथा जिसकी ऊंचाई भूमि तल से २ मीटर से कम न हो;

(ग) "वृक्ष काट कर गिराना" से इसकी सजातीय अभिव्यक्ति से अभिप्रेत है तने को जड़ों से पृथक् करना, वृक्ष को जड़ों से उखाड़ना तथा इसमें सम्मिलित है वृक्ष पर बुल्डोजर चलाना, वृक्ष काटना, घिरान करना, ठूंठ करना, उस पर विषैला पदार्थ लगाकर, उसे जला कर या किसी अन्य रीति में उसे क्षति पहुंचाना;

(घ) "वृक्ष अधिकारी" से अभिप्रेत है कोई ऐसा अधिकारी जो राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए उस रूप में नियुक्त किया गया हो;

(ङ) "नगरीय क्षेत्र" से अभिप्रेत है किसी नगरपालिक निगम/नगरपालिका/कैंटोनमेंट बोर्ड या नगर पंचायत के भीतर के समस्त स्थान;

(च) उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के, जो इस अधिनियम में प्रयोग में लाई गई हैं और भारतीय वन अधिनियम, १९२७ में परिभाषित की गई हैं, किन्तु इस अधिनियम में परिभाषित नहीं की गई हैं, क्रमशः वे ही अर्थ होंगे जो उक्त अधिनियम में उनके लिये दिए गए हैं.

वृक्षों को काटकर गिराने बाबत् निर्बन्धन.

३. कोई भी व्यक्ति तत्समय प्रवृत्त किसी रूढ़ि, प्रथा, संविदा या स्थानीय विधि के होते हुए भी, उस नगरीय क्षेत्र के भीतर स्थित किसी भूमि में, चाहे वह उसके स्वामित्व में की हो या उससे भिन्न प्रकार की हो, इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन बिना अनुज्ञा के किसी वृक्ष को काटकर नहीं गिराएगा या वृक्ष को कटवाकर नहीं गिरवाएगा.

अधिकारी की केत.

४. राज्य सरकार, प्रत्येक नगरीय क्षेत्र के लिए एक या एक से अधिक ऐसे वन अधिकारियों को जो राजपत्रित वन अधिकारी से निम्न श्रेणी के न हों, आयुक्त नगर निगम या मुख्य नगरपालिका अधिकारी को इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए "वृक्ष अधिकारी" के रूप में नियुक्त कर सकेगी.

ा अधिकारियों नियुक्ति.

५. राज्य सरकार, वन विभाग या स्थानीय प्राधिकारी के ऐसे अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों को, जिन्हें वह आवश्यक समझे, समय-समय पर नियुक्त कर सकेगी जो वृक्ष अधिकारी के अधीनस्थ होंगे.

को काटकर ने, काटने, हटाने उसका व्ययन ने के लिये अनुज्ञा प्राप्त करने की क्रिया.

६. (१) किसी वृक्ष को काटकर गिराने या हटाने या उसका अन्यथा व्ययन की वांछा करने वाला कोई भी व्यक्ति संबंधित वृक्ष अधिकारी को, अनुज्ञा के लिए ऐसे प्ररूप में तथा ऐसी विशिष्टियां अन्तर्विष्ट करते हुए तथा ऐसे दस्तावेज के साथ, जो कि विहित किए जाएं, आवेदन करेगा.

(२) ऐसा आवेदन प्राप्त होने पर, वृक्ष अधिकारी आवेदन की अभिस्वीकृति देगा तथा आदेश द्वारा उस वृक्ष का निरीक्षण करने तथा ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसी कि वह आवश्यक समझे, आवेदन की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर या तो ऐसी अनुज्ञा पूर्णत: या भागत: दे सकेगा या लिखित में लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से अनुज्ञा देने से इन्कार कर सकेगा :

परन्तु कोई भी अनुज्ञा उस क्षेत्र से किसी व्यक्ति को उसी वर्ष के दौरान दो अवसरों से अधिक नहीं दी जाएगी:

परन्तु यह और कि कोई भी ऐसी अनुज्ञा देने से उस दशा में इन्कार नहीं किया जाएगा जबकि वह,—

(एक) वृक्ष मृत है, रोगग्रस्त है या हवा से उखड़ा हुआ है; या

(दो) वृक्ष जीवन और सम्पत्ति के लिए खतरा बन जाता है; या

(तीन) वृक्ष अग्नि से, बिजली से, वर्षा से या अन्य प्राकृतिक कारणों से सारत: नुकसान ग्रस्त या नष्ट हो गया है; या

(चार) यातायात के लिए बाधा बन जाता है या यदि ऊर्जा/दूरभाष की लाइनों आदि के अनुरक्षण के लिए आवश्यक है.

(३) उपधारा (२) के अधीन दी गई अनुज्ञा इस शर्त के अध्यधीन हो सकेगी कि आवेदक उसी स्थल पर या परिसर पर जैसा कि विहित किया जाए, उसी जाति या अन्य उपयुक्त जाति का कोई अन्य वृक्ष या वृक्षों को लगाएगा और जहां ऐसा संभव नहीं हो, वहां वह उस तारीख से जिसको कि वृक्ष काट कर गिराया गया हो, तीस दिन के भीतर या ऐसी बढ़ाई गई कालावधि के भीतर जैसा कि वृक्ष अधिकारी अनुज्ञात करे, ऐसा योगदान करेगा जैसा कि विहित किया जाए.

(४) यदि वृक्ष अधिकारी उपधारा (२) के अधीन विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर विनिश्चय की संसूचना देने में असफल रहता है तो आवेदित अनुज्ञा के संबंध में यह माना जाएगा कि वह दे दी गई है.

वृक्षों का परिरक्षण.

७. आवेदक का यह कर्तव्य होगा कि वह धारा ६ की उपधारा (३) के अधीन किए गए आदेश का अनुपालन करे और यह सुनिश्चित करे कि वृक्ष भली-भांति उगें और उसका भली-भांति परिरक्षण किया जा रहा है.

धारा ६ के अधीन किए गए आदेश का क्रियान्वयन.

८. (१) प्रत्येक व्यक्ति, जो धारा ६ के अधीन किए गए किसी आदेश के अधीन वृक्ष लगाने के लिए बाध्यताधीन है, यथास्थिति, आदेश या निदेश की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर प्रारम्भिक कार्य (तैयारी) शुरू करेगा और ऐसे आदेश या निदेश के अनुसार आगामी या अनुगामी वर्षा ऋतु में या ऐसे बढ़ाए गए समय के भीतर जैसा कि वृक्ष अधिकारी अनुज्ञात करे, वृक्ष लगाएगा तथा उन वृक्षों को जो किसी भूमि या क्षेत्र में लगाए गए हैं, किसी नुकसान से पर्याप्त एवं प्रभावी संरक्षण व्यवस्था करेगा.

(२) ऐसे व्यक्ति द्वारा व्यतिक्रम की दशा में, वृक्ष अधिकारी वृक्ष लगवा सकेगा और वृक्षारोपण की लागत की वसूली ऐसे व्यक्ति से भू-राजस्व की बकाया के तौर पर कर सकेगा.

अपील.

९. (१) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, ऐसे प्राधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकेगी जो इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए अपील प्राधिकारी होंगे.

(२) जब वृक्ष अधिकारी द्वारा धारा ६ या ७ के अधीन कोई विनिश्चय या कोई आदेश किया जाता है, तो वृक्ष अधिकारी के उक्त आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति वृक्ष अधिकारी द्वारा ऐसे आदेश या निदेश के पारित किए जाने से तीस दिन की कालावधि के भीतर अपील प्राधिकारी को अपील कर सकेगा.

(३) अपील प्राधिकारी, अपील प्राप्त होने की तारीख से साठ दिन के भीतर अपील का विनिश्चय, अपीलार्थी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् करेगा.

सम्पत्ति का अभिग्रहण.

१०. जहां वृक्ष अधिकारी या किसी वन अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि किसी वृक्ष के संबंध में इस अधिनियम के अधीन अपराध किया गया है, तो वह यथास्थिति वृक्ष या उसके भाग को जो भूमि से उसे पृथक् किया गया है, गिराए जाने के लिए उपयोग में लाए गए औजार तथा उपकरण सहित अभिग्रहण कर सकेगा. जब वन अधिकारी द्वारा अभिग्रहण किया जाता है तो वह वृक्ष अधिकारी को मामला आगे कार्रवाई के लिए अग्रेषित करेगा.

धारा १० के अधीन अभिगृहीत संपत्ति को निर्मुक्त करने की शक्ति.

११. वृक्ष अधिकारी धारा १० के अधीन अभिगृहीत संपत्ति को निर्मुक्त कर सकेगा, यदि भूमि के स्वामी ने जब कभी अपेक्षित हो, ऐसे प्ररूप में बंध पत्र, निष्पादित कर दिया हो जैसा कि प्रस्तुत करने के लिए विहित किया जाए.

इमारती लकड़ी/ जलाऊ लकड़ी, औजार आदि कब अधिहरण के दायित्वाधीन होंगे.

१२. (१) समस्त इमारती लकड़ी या जलाऊ लकड़ी जो कि राज्य सरकार की संपत्ति नहीं है तथा जिसके कि संबंध में इस अधिनियम के अधीन अपराध किया गया है, और ऐसे अपराध को करने में उपयोग में लाए गए समस्त पशु, औजार, नाव, यान, रस्से, चेन या कोई अन्य सामग्री धारा ९, ११ तथा १७ के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, ऐसे अपराध के लिए अपराधी को सिद्धदोष ठहराए जाने पर, अधिहरण के दायित्वाधीन होंगे. ऐसा अधिहरण ऐसे अपराध के लिए विहित किसी अन्य दण्ड के अतिरिक्त हो सकेगा.

(२) वृक्ष से उत्पादित कोई इमारती लकड़ी, औजार तथा उपकरण आदि और उपधारा (१) के अधीन अधिहृत कोई नाव, पशु या अन्य प्रवहण का न्यायालय द्वारा ऐसी रीति में व्ययन किया जाएगा जैसा कि विहित किया जाए.

संगठनों द्वारा अपराध.

१३. (१) यदि इस अधिनियम के अधीन अपराध करने वाला कोई व्यक्ति संगठन है, वहां वह संगठन तथा उस अपराध के किए जाने के समय उस संगठन के कारबार के संचालन का भारसाधक और संगठन के प्रति उत्तरदायी प्रत्येक व्यक्ति भी, ऐसे अपराध के दोषी समझे जाएंगे और तद्नुसार वह अपने विरुद्ध कार्यवाही किए जाने और दंडित किए जाने का भागी होंगे :

परन्तु इस उपधारा में अन्तर्विष्ट कोई भी बात किसी ऐसे व्यक्ति को किसी दंड का भागी नहीं बनाएगी यदि वह साबित कर देता है कि अपराध उसकी जानकारी के बिना किया गया था या उसने ऐसे अपराध के किए जाने को रोकने के लिए समस्त सम्यक् तत्परता बरती है.

(२) उपधारा (१) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां इस अधिनियम के अधीन अपराध किसी संगठन द्वारा किया गया है और यह साबित हो जाता है कि वह अपराध उस संगठन/यूनिट के प्रमुख, सचिव, कोषाध्यक्ष, निदेशक, प्रबंधक या अन्य अधिकारी की सहमति या मौनानुकूलता से किया गया है या उस अपराध का किया जाना उसकी उपेक्षा के कारण माना जा सकता है, वहां संगठन/यूनिट का प्रमुख, सचिव, कोषाध्यक्ष, निदेशक, प्रबंधक या अन्य अधिकारी भी उस अपराध का दोषी समझा जाएगा और तद्नुसार वह अपने विरुद्ध कार्यवाही किए जाने और दंडित किए जाने का भागी होगा.

अपराध के किए जाने को रोकने की शक्ति.

१४. प्रत्येक वृक्ष अधिकारी या उसका अधीनस्थ या कोई वन, राजस्व या पुलिस अधिकारी इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध को किए जाने से रोकेगा तथा अपराध के किए जाने से रोकने के प्रयोजन के लिए हस्तक्षेप कर सकेगा.

अपराध शमन करने की शक्ति.

१५ (१) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, वृक्ष अधिकारी या किसी वन अधिकारी को, जो संभागीय वन अधिकारी से निम्न श्रेणी का न हो, किसी व्यक्ति से, जिसके विरुद्ध विश्वास करने का कारण है कि उसने किसी वृक्ष के संबंध में इस अधिनियम के अधीन अपराध किया है, उस अपराध के लिए जिसे ऐसे व्यक्ति द्वारा किए जाने का संदेह है, शमन के रूप में ऐसी धनराशि, जो कि विहित की जाए, स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगी.

(२) यथास्थिति, ऐसी राशियों या ऐसे मूल या दोनों का ऐसे अधिकारी को संदाय करने पर अभिगृहीत संपत्ति तथा अपराधी, यदि अभिरक्षा में है, निर्मुक्त किया जाएगा तथा ऐसे अपराधी या संपत्ति के विरुद्ध और कार्यवाही नहीं की जाएगी.

अधिनियम के उल्लंघन की रिपोर्ट कतिपय व्यक्तियों द्वारा की जाएगी.

१६. प्रत्येक वन अधिकारी, लोक सेवक या किसी व्यक्ति का यह कर्तव्य होगा कि धारा ३ के किसी उल्लंघन तथा ऐसा उल्लंघन करने की तैयारी की उसकी जानकारी की सत्यता वृक्ष अधिकारी को तुरन्त दे.

धन के संदाय के आदेश का निष्पादन.

१७. कोई राशि, जिसका किसी व्यक्ति द्वारा संदाय किया जाना निर्देशित किया गया है तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन वसूली के किसी अन्य ढंग पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यह उससे भू-राजस्व के बकाया के तौर पर वसूलीय होगी.

शास्ति.

१८. जो कोई इस अधिनियम के उपबंधों या उसके अधीन बनाए गए नियमों या किए गए आदेशों के उल्लंघन में किसी वृक्ष को गिराएगा या गिरवाएगा वह दोषसिद्धि पर कारावास से जो दो वर्ष तक का हो सकेगा या जुर्माने से, जो पचास हजार रुपए तक का हो सकेगा या दोनों से दंडित किया जाएगा. जुर्माना यदि विहित समय-सीमा के भीतर जमा नहीं किया जाता है तो वह भू-राजस्व के बकाया के तौर पर वसूलीय होगा.

इस अधिनियम के अधीन व्यक्तियों का लोक सेवक होना.

१९. इस अधिनियम के अधीन शक्ति का प्रयोग या किन्हीं कर्तव्यों या कृत्यों का निर्वहन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के बारे में यह समझा जाएगा कि वह भारतीय दंड संहिता, १८६० (१८६० का संख्यांक ४५) की धारा २१ के अर्थ के अंतर्गत लोक सेवक है.

सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई का संरक्षण.

२०. इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए तात्पर्यित किसी बात के लिए या किसी ऐसी बात के लिए जो की जाने से छोड़ दी गई हो, राज्य सरकार या किसी ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध, जो इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाए गए नियमों और किए गए आदेशों के अधीन शक्ति का प्रयोग, कर्तव्यों का पालन या कृत्यों का निर्वहन करने के लिए सशक्त हो, कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं होगी.

वृक्षों के परिरक्षण के लिए राज्य सरकार की शक्ति.

२१ (१) राज्य सरकार, जन सामान्य के हित में, अधिसूचना द्वारा, घोषणा कर सकेगी कि वृक्षों के किसी वर्ग को ऐसी कालावधि तक काटकर नहीं गिराया जाएगा जैसी कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की गई है.

(२) ऐसे वृक्षों का प्रबंधन विहित रीति में विनियमित किया जाएगा.

वृक्ष अधिकारी को कतिपय शक्तियां विनिहित करना.

२२. राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, वृक्ष अधिकारियों तथा अन्य अधिकारी को समस्त या निम्नलिखित में से कोई शक्ति विनिहित कर सकेगी, अर्थात्:—

(क) किसी भूमि पर प्रवेश करने तथा सर्वेक्षण, सीमांकन करने तथा उसका मानचित्र (नक्शा) बनाने की शक्ति;

(ख) इस अधिनियम के अधीन अपराध की जांच करने तथा ऐसी जांच के अनुक्रम में साक्ष्य ग्रहण करने तथा अभिलिखित करने की शक्ति.

गिराई गई सामग्री का अभिवहन.

२३. भारतीय वन अधिनियम, १९२७ (१९२७ का संख्यांक १६)की धारा ४१ तथा ४२ के उपबंध इस अधिनियम के अधीन गिराए गए वृक्षों के अभिवहन पर यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे.

नियम बनाने की शक्ति.

२४. (१) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी.

(२) इस अधिनियम के अधीन बनाए गए समस्त नियम विधान संभा के पटल पर रखे जाएंगे.

भोपाल, दिनांक 27 सितम्बर 2001

क्र. 5056-इक्कीस-अ-(प्रा.).— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में मध्यप्रदेश वृक्षों का परिरक्षण (नगरीय क्षेत्र) अधिनियम, 2001 (क्रमांक 20 सन् 2001) का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. सिटोके, अतिरिक्त सचिव.

MADHYA PRADESH ACT

No. 20 OF 2001

THE MADHYA PRADESH VRIKSHON KA PARIRAKSHAN (NAGARIYA KSHETRA) ADHINIYAM, 2001

TABLE OF CONTENTS

Sections :

1. Short title, extent and commencement.
2. Definitions.
3. Restriction on felling of trees.
4. Appointment of Tree Officer.
5. Appointment of other officers.
6. Procedure for obtaining permission to fell, cut, remove or dispose of a tree.
7. Preservation of trees.
8. Implementation of order made under Section-6.
9. Appeal.
10. Seizure of property.
11. Power to release property seized under Section-10.
12. Timber/fuel, tools etc. when liable to confiscation.
13. Offence by organizations.
14. Power to prevent commission of offence.
15. Power to compound offence.
16. Contravention of Act to be reported by certain persons.
17. Execution of order for payment of Money.
18. Penalty.
19. Persons under this Act to be Public Servants.
20. Protection of action taken in good faith.
21. Power of State Government for Preservation of Trees.
22. Investing Tree Officer with certain powers.
23. Transit of felled material.
24. Power to make rules.

MADHYA PRADESH ACT

No. 20 OF 2001

THE MADHYA PRADESH VRIKSHON KA PARIRAKSHAN (NAGARIYA KSHETRA) ADHINIYAM, 2001.

(Revised the assent of the Governor on the 26th September, 2001 assent first published in the "Madhya Pradesh Gazette (Extraordinary)" dated the 27th September, 2001)

An Act to make better provision for regulation of felling of trees for the purpose of preservation and replanting of trees in urban areas of Madhya Pradesh.

Be it enacted by the Madhya Pradesh Legislature in the Fifty-Second Year of the Republic of India as follows:—

Short title, extent and commencement.

1. (1) This Act may be called the Madhya Pradesh Vrikshon Ka Parirakshan (Nagariya Kshetra) Adhiniyam, 2001.

(2) It extends to the whole of the State of Madhya Pradesh.

(3) It shall come into force in all urban areas from the date of the publication in the official gazette.

Definitions.

2. In this Act, unless the context otherwise requires,—

(a) **Appellate authority** : Means an authority appointed by the State Government as appellate authority under this Act.

(b) **"Tree"** means any woody plant, whose branches spring from and are supported upon a trunk or body and whose trunk or body is not less than 30 centimetres in girth at ground level and is not less than 2 metres in height from the ground level.

(c) **To fell a tree :** with its cognate expression means severing the trunk from the roots, up-rooting the tree and includes bulldozing, cutting, girdling, lopping, polarding, applying poisonous substance, burning or damaging a tree in any other manner.

(d) **Tree Officer :** means an officer appointed as such by the State Government for the purpose of this Act.

(e) **Urban area :** means all places within a Municipal Corporation/Municipality/ Cantonment Board or Nagar Panchayat.

(f) Words and expressions used in this Act and defined in the Indian Forest Act, 1927 but not defined in this Act shall have the meanings respectively assigned to them in that Act.

Restriction on felling of trees.

3. Notwithstanding any custom, usage, contract or local-law for the time being in force, no person shall without permission under the provision of this Act fell any tree or cause any tree to be felled in any land, whether of his ownership or otherwise, situated within the urban area.

Appointment of Tree Officer.

4. The State Government may appoint one or more forest officers of the rank not below that of a Gazetted Forest Officer, Commissioner Municipal Corporation or Chief Municipal Officer as "Tree Officer" for the purposes of this Act, for each Urban Area.

ppointment of her officers.

5. The State Government may, from time to time, appoint such other officers and employees of Forest Department or Local Authority as may be considered necessary who shall be subordinate to the Tree Officer.

Procedure for obtaining permission to fell, cut, remove or dispose of a tree.

6. (1) Any person desiring to fell remove or otherwise dispose of, by any means, tree, shall make an application to the concerned Tree Officer for permission in such form and containing such particulars and accompanied by such documents as may be prescribed.

(2) On receipt of the application, the Tree Officer shall acknowledge the application and may by order after inspecting the tree and holding such enquiry, as he may deem necessary, either grant permission in whole or in part or refuse permission for reasons to be recorded in writing, within 30 days from the date of receipt of the application :

Provided that no permission shall be granted to any person from the same area on more than two occasions during the same year :

Provided further that no permission shall be refused if the tree—

(i) is dead, diseased or wind fallen or
(ii) constitutes a danger to life and property or
(iii) is substantially damaged or destroyed by fire, lightning, rain or other natural causes or
(iv) constitutes an obstruction to traffic or if necessary for maintenance of power/ telephone lines etc.

(3) The permission granted under sub-section (2) may by subject to the condition that the applicant shall plant another tree or trees of the same or other suitable species on the same site or premises, and where this is not possible make such contribution as may be prescribed, within thirty days from the date the tree is felled or within such extended period as the Tree Officer may allow.

(4) If the tree officer fails to communicate the decision within the period specified under sub-section (2) the permission applied for shall be deemed to have been granted.

Preservation of trees.

7. It shall be the duty of the applicant to comply with the order made under sub-section (3) of Section 6 and to ensure that the tree or trees grow well and are well preserved.

Implementation of order made under Section 6.

8. (1) Every person who is under an obligation to plant trees under an order made under Section 6 shall start preparatory work within thirty days of the date of receipt of the order or directions, as the case may be and shall plant trees in accordance with such order or directions in the ensuing or following rainy season or within such extended time as the tree officer may allow and shall provide adequate and effective protection to the trees that are planted in the land or the area from any damage.

(2) In case of default by such person, the Tree Officer may cause trees to be planted and may recover the cost of plantation from such person as an arrear of land revenue.

Appeal.

9. (1) The State Government may by notification, specify the authorities who shall be the Appellate Authorities for the purposes of this Act.

(2) When any decision is given or order is made under Section 6 and 7 by the Tree Officer, any person aggrieved by that order of Tree Officer, may appeal to the Appellate Authority within a period of thirty days of passing such order or direction by the Tree Officer.

(3) The Appellate Authority shall decide the appeal within sixty days from the date of its receipt, after giving reasonable opportunity to the appellant of being heard.

Seizure of property.

10. Where the Tree Officer or any Forest Officer has reasons to believe that an offence under this Act has been committed in respect of any tree, he may seize the tree or part thereof which

has been severed from the ground or the trunk, as the case may be, alongwith the tools and implements used for felling. When the seizure is made by forest officer he will forward the case to the Tree Officer for further action.

Power to release property seized under section-10.

11. The tree officer may release the property seized under section 10, if the owner of the land executes a bond in such form as may be prescribed for its production whenever required.

Timber/Fuel wood, tools etc., when liable to confiscation.

12. (1) All timber or fuelwood which is not the property of the State Government and in respect of which an offence has been committed under this Act, and all animals, tools, boats, vehicles, ropes, chain or any other article used in committing such offence, shall subject to provisions of Sections 9, 11 and 17, be liable to confiscation upon conviction of the offender for such offence.

Such confiscation may be in addition to any other punishment prescribed for such offence.

